




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 276 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 08 जुलाई 2025 डाक 09 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा




कृषक समृद्धि का सुनहरा दौर

पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत किसानों को प्रतिवर्ष ₹6,000 की वित्तीय सहायता

राज्य में कृषक उन्नति योजनान्तर्गत ₹3,100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी



S- 44449/96


# नेपाल में बाढ़ से हाहाकार, चीन सीमा पर बना पुल बहा, 6 चीनी नागरिकों समेत 18 लोग लापता

**काठमांडू, 08 जुलाई [एजेंसी]।**



मानसून की एंट्री के बाद न सिर्फ भारत बल्कि नेपाल के भी कई इलाकों में बारिश से त्राहिमाम मच गया है। नदियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे कुछ जगहों पर बाढ़ के हालात बन गए हैं। इसका असर नेपाल और चीन की सीमा पर भी देखने को मिल रहा है। दरअसल नेपाल और चीन के बीच बना मैत्री सेतु भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया है। पानी के तेज बहाव में न सिर्फ पुल ढह गया बल्कि 18 लोग भी इसमें बह गए हैं। मैत्री पुल नेपाल और चीन को कनेक्ट करने वाला मुख्य ब्रिज था। भोटेकोशी नदी पर बना यह पुल नेपाल के रसुवा जिले को चीन से जोड़ता था। हालांकि, भारी बारिश के कारण भोटेकोशी नदी में बाढ़ के हालात बन गए।

बीती रात तकरीबन 3.15 बजे पुल भी बाढ़ में बह गया। नेपाल की राजधानी काठमांडू से महज 120 किलोमीटर की दूरी पर बने इस पुल के साथ ही 18 लोग भी तेज बहाव की भेंट चढ़ गए। इनमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, सभी 18 लोग अभी लापता है और उनकी खोज की जा रही है।

# अमेरिका में बड़ा हादसा, छुट्टियां मनाने गए हैदराबाद के परिवार के चार लोगों की मौत

## कार में जिंदा जले पति-पत्नी समेत 2 बच्चे



**हैदराबाद, 08 जुलाई [एजेंसी]।**

हैदराबाद के एक परिवार के चार सदस्यों की रविवार को सड़क दुर्घटना में जलकर मौत हो गई। पूरा परिवार अमेरिका छुट्टियां मनाने गया था। इस दौरान एक मिनी ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में आग गई और अंदर बैठे सभी लोग जिंदा जल गए। हैदराबाद के रहने वाले श्री वेंकट, उनकी पत्नी तेजस्विनी और उनके दो बच्चे अमेरिका के डलास में छुट्टियां मनाने गए थे। जब वे अटलांटा में अपने रिश्तेदारों से मिलने के बाद डलास लौट रहे थे, तभी गलत दिशा से आ रहे एक मिनी-ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार में आग लग गई और दंपती और उनके दोनों बच्चों की झुलसकर मौत हुई। मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं। डीएनए परीक्षण के बाद शवों को रिश्तेदारों के हवाले किया जाएगा।

# रेलवे ट्रैक पार कर रही स्कूल बस को ट्रेन ने मारी टक्कर, तीन मासूमों की मौत



**चेन्नई 08 जुलाई।** तमिलनाडु के कडलूर जिले के चेम्मनकुप्पम इलाके में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन ने बिना फाटक वाले रेलवे क्रॉसिंग पर स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी।इस भयानक हादसे में तीन मासूम बच्चों की जान चली गई, जबकि दस बच्चे और वैन का ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब स्कूल वैन रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी चिदंबरम जा रही एक पैसेंजर ट्रेन ने वैन को टक्कर मार दी और उसे करीब 50 मीटर तक घसीट लिया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन पूरी तरह तहस-नहस हो गई। हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि बच्चों के नाम अभी तक सामने नहीं आए हैं।चश्मदीदों के मुताबिक, वैन में स्कूल के बच्चे सवार थे। हादसे के बाद घायल बच्चों और ड्राइवर को फौरन कडलूर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# भाषा विवाद को लेकर ठाणे में बवाल, रैली निकाल कर एमएनएस के कई कार्यकर्ता हिरासत में, फडणवीस बोले- इजाजत नहीं थी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के ठाणे की मीरा रोड से पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। ये कार्यकर्ता हिंदी न बोलने पर थप्पड मारने वाली एक घटना के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के जवाब में प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि उन्होंने इस रूट पर प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी थी। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि जब दुकानदारों को विरोध करने की छूट मिली, तो उनकी विरोध पर पाबंदी क्यों। कई कार्यकर्ताओं ने धमकी भरे लहजे में कहा, महाराष्ट्र में रहने वाला हर शख्स मराठी सीखे, वरना अंजाम भुगतेगा। पुलिस ने एमएनएस कार्यकर्ताओं को वैन में बिठाकर थाने ले गए। इस बीच, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सफाई दी कि पुलिस ने प्रदर्शन की इजाजत देने से इनकार नहीं किया था। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में हर किसी को विरोध करने का हक है, बशर्ते पुलिस की इजाजत हो। ट्रैफिक और भीड़ का खतरा था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि एमएनएस नेताओं से रास्ता बदलने को कहा गया, मगर वो अड़े रहे, इसलिए उन्हें रोका गया। फडणवीस ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, मुझे महाराष्ट्र का मिजाज पता है। ऐसी हरकतें यहां नहीं चलेंगी। मराठी इंसान का दिल बड़ा है, वो छोटी सोच नहीं रखता।



# दिल्ली में नकली नोट छापने और चलाने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के दो लोगों को दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) छापने और प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अदनान और दानिश पिछले चार-पांच महीनों से नकली नोट बना रहे थे। वे जांच से बचने के लिए छोटे मूल्यवर्ग, खासकर 100 रुपये के नोटों को निशाना बनाते थे। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अमित कौशिक ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए विशेष प्रकोष्ठ ने 20 जून को अदनान को गिरफ्तार किया, जब वह दिल्ली के दल्लूपुरा इलाके में एक फर्जी ग्राहक को 100 रुपये के 30,000 रुपये के नकली नोट दे रहा था।

# संजय राउत का निशिकांत दुबे पर हमला, कहा- उनको कौन जानता है ?

## सीएम फडणवीस की चुप्पी पर भी उठाए सवाल



**मुंबई, 08 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के हालिया बयान पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बाद सांसद संजय राउत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उद्धव ठाकने ने विवादित टिप्पणी को लेकर निशिकांत को लकड़बग्घा करार दिया। वहीं संजय राउत ने भी कहा, यह दुबे है कौन। मैं यहां के हिंदी भाषी नेताओं से अपील करता हूं कि वे दुबे के बयान की निंदा करें। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, पहले तो यह बताओ कि यह दुबे है कौन। मैं यहां के हिंदी भाषी नेताओं से अपील करता हूं कि वे दुबे के बयान की निंदा करें। जब आप ऐसा करेंगे, तभी मैं मानूंगा कि आप महाराष्ट्र से हैं। संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी कैबिनेट की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा, जब एक बीजेपी सांसद मराठी लोगों के खिलाफ बयान दे रहा है, तब राज्य का मुख्यमंत्री और उसकी पूरी कैबिनेट चुप क्यों है? यह कैसा मुख्यमंत्री है? जिसे छत्रपति शिवाजी महाराज और बालासाहेब ठाकरे का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने एकनाथ शिंदे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, खुद को डुप्लीकेट शिवसेना का नेता मानने वाले एकनाथ शिंदे को अपनी दाढ़ी कटवा लेनी चाहिए। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें जाकर मोदी और शाह से पूछना चाहिए कि महाराष्ट्र में क्या हो रहा है। महाराष्ट्र में हिंदीभाषी लोगों पर कभी हमले नहीं हुए... दुबे को सही करना देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार की जिम्मेदारी है।

# आप की किराया याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजधानी के विठ्ठलभाई पटेल हाउस में पार्टी कार्यालय के लिए किराए की मांग के खिलाफ आप द्वारा दायर याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आप की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। आप ने अपने कार्यालय के लिए सुइट के आवंटन को रद्द करने को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों से दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को तय की। आप के वकील ने अदालत से किराए की मांग करने वाले 20 जून के रिमाइंडर नोटिस पर रोक लगाने का आग्रह किया, जिसके बाद केंद्र के वकील ने कहा कि अगली सुनवाई तक कुछ नहीं होगा। केंद्र के वकील ने कहा कि मामले में कोई जल्दबाजी नहीं है क्योंकि यह केवल एक नोटिस है और वे सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के अनुरूप आगे बढ़ेंगे। आप ने दावा किया है कि आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संपदा निदेशालय का निर्णय एकपक्षीय था और बिना किसी कारण बताओ नोटिस या सुनवाई का उचित अवसर दिए पारित किया गया।

# धर्मशाला की दीवार गिरने से महिला की मौत, 10 से ज्यादा लोग घायल

**छतरपुर , 08 जुलाई [एजेंसी]।**

छतरपुर जिले के प्रसिद्ध बागेश्वर धाम में मंगलवार तड़के एक धर्मशाला की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी 40 वर्षीय अनीता देवी की मलबे में दबने से मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को एम्बुलेंस से छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। श्रद्धालुओं के परिजनों ने बताया कि सभी लोग धर्मशाला में सो रहे थे, तभी अचानक दीवार भरभराकर गिर पड़ी और वे मलबे में दब गए। हादसे में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के अदलाहट गांव की रहने वाली अनीता देवी, पत्नी राजू की मौत हो गई है। कई लोग दीवार के मलबे में दब गए। 10 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि दीवार गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। छतरपुर सीएमएचओ आरपी गुप्ता का कहना है कि सुबह भारी बारिश के कारण बागेश्वर धाम में एक ढाबे पर दीवार ढह गई। इसके मलबे में दबने से कुछ श्रद्धालु घायल हुए हैं। एक की मौत की जानकारी भी सामने आई है। घायलों को समुचित इलाज कराया जा रहा है।

# पुलिस एनकाउंटर में आरोपी विकास ढेर, गोपाल खेमका हत्याकांड में सप्लाई किए थे हथियार



**पटना, 08 जुलाई [एजेंसी]।**

बिहार के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के दूसरे आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस उससे पूछताछ करने गई थी लेकिन वह पुलिसकर्मियों पर ही गोलीबारी करने लगा। जवाबी फायरिंग के दौरान पुलिस की गोली उसे लगी। जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद पटना में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त उमेश के साथ विकास भी मौजूद था। सूत्रों की मानें तो पटना पुलिस ने प्रयुक्त दो पहिया वाहन, हथियार और सुपारी के रूप में दिए गये लगभग तीन लाख रुपये भी बरामद किए हैं। सोमवार देर शाम को पटना पुलिस ने छापेमारी कर गोपाल खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश कुमार उर्फ विजय सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उमेश कुमार उर्फ विजय सहनी पटना सिटी के माल सलामी का रहने वाला है। इस पर गोपाल खेमका की हत्या का आरोप है। इससे ही पूछताछ के आधार पर पटना पुलिस को बड़ी लीड मिली। इसके बाद विकास के ठिकाने पटना पुलिस की टीम छापेमारी करने के लिए पहुंची। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहती थी। लेकिन, पुलिस टीम को देखते ही विकास ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

पटना पुलिस के अनुसार, सोमवार की मध्य रात्रि की ढाई बजे विशेष टीम दमड़िया घाट पहुंची थी। पुलिस को देखते ही वह गोलीबारी कर भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें उसकी मौत हो गई। हालांकि इस घटना में कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुए। पुलिस का कहना है कि 29 साल के विकास उर्फ राजा कई अन्य आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी। घटनास्थल से एक पिस्टल औ कारतूस कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस को शक है कि विकास ने ही गोपाल खेमका की हत्या के लिए हथियार मुहैया कराया था। इधर, शूटर विजय से पूछताछ के बाद पता चला कि हत्या की सुपारी देने वाला व्यक्ति नालंदा का रहने वाला अशोक साव है जो अभी पुलिस की चंगुल से फरार है। पुलिस टीम उसे गिरफ्तार करने के लिए उसके कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। फिलहाल पुलिस उमेश कुमार उर्फ विजय सहनी से पूछताछ कर रही है। बता दें कि चार जुलाई की देर रात जब उद्योगपति बांकीपुर क्लब से अपनी कार से घर लौट रहे थे, तभी गांधी मैदान इलाके के रामगुलाम चौक स्थित उनके घर के सामने ही अपराधी ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पटना पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी। विपक्ष ने भी नीतीश कुमार की सरकार को मैन भर कोसा और जमकर जमला किया था। इस घटना से बिहार सरकार की भी काफी किरकिरी हो रही थी।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# बिहार कैबिनेट का फैसला, महिलाओं को नौकरी में मिलेगी 35 प्रतिशत आरक्षण

**पटना, 08 जुलाई [एजेंसी]।**



राज्य सरकार की नौकरियों में लागू महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की सुविधा का लाभ अब सिर्फ बिहार की स्थाई निवासी महिलाओं को ही मिलेगा। राज्य के बाहर की महिलाओं को सामान्य कैटेगरी में ही आवेदन करना होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य की सेवाओं में 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण में डोमिसाइल लागू करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। बैठक में 43 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने बताया कि अभी तक राज्य सरकार की सेवाओं में महिलाओं के लिए जो 35त्न क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था प्रभावित है। उसका लाभ किसी भी राज्य की महिला ले सकती थी, लेकिन अब यह लाभ सिर्फ बिहार की स्थाई निवासी महिलाओं को ही देय होगा। अन्य राज्य की जो महिलाएं प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगी उन्हें सामान्य श्रेणी में ही आवेदन करना होगा।

आरक्षण का लाभ उन्हें देय नहीं होगा। मंत्रिमंडल ने संघ लोक सेवा आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा करने वाले दिव्यांग जनों को जिन्होंने प्रिलिम्स पास की हो उन्हें आगे की तैयारी के लिए एक लाख और 50 हजार की आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी है।इसके अलावा सरकार न किसानों के डीजल अनुदान के लिए सौ करोड़ की राशि स्वीकृत की है। बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है।

# कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ भारत बंद 25 करोड़ कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना

**नईदिल्ली, 08 जुलाई [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ आज देशभर में व्यापक भारत बंद का आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने किया है, जिसमें 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले रहे हैं। हड़ताल में बैंकिंग, बीमा, डाक सेवाओं, कोयला खनन, परिवहन व कारखानों के कर्मचारियों के शामिल होने से आम जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने बताया कि किसानों और ग्रामीण श्रमिकों का भी देशभर में इस आंदोलन को समर्थन मिल रहा है।

हड़ताल का असर बैंक, डाक, कोयला खदान, सार्वजनिक परिवहन, और राज्य स्तरीय सेवाओं पर पड़ सकता है। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने बताया कि यह हड़ताल कई उद्योगों और सार्वजनिक सेवाओं को ठप कर सकती है। यूनियनों का आरोप है कि सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार नए श्रम कोड श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने के लिए बनाए गए हैं। इन कोड्स के तहत सामूहिक सौदेबाजी, संघ की गतिविधियों और हड़ताल के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है।

# मानसून में होने वाले रोगों से बचाव के लिए अपनाए ये उपाय, सेहत पर नहीं पड़ेगा बारिश का असर





**कोरबा ।** मानसून की बारिश शुरू होने के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी की मार से राहत तो मिली हैं लेकिन मौसमी बिमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। दरअसल बरसात के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव होने से बैक्टीरिया का प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है और वह सर्दी या फ्लू का शिकार हो जाता है ।बच्चों से लेकर बड़ो तक किसी भी आयु के व्यक्ति को मौसमी बिमारियाँ हो सकती है। इसलिए बरसात के मौसम में अपने शरीर को सुरक्षित रखने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और वह बिमारियों से लड़ने में सफल रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने बताया कि वर्षाकाल में मच्छरों की भरमार होने के साथ ही इनसे जनित बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मच्छरों से फैलने वाली बिमारियों में मलेरिया, डेंगू,हैजा, टाईफाईड, हेपेटाईटिस ए आदि शामिल हैं। बरसात के मौसम में मलेरिया से अधिक लोग ग्रस्त रहते हैं, बारिश का पानी भरे रहने पर उसमें मच्छरों की प्रजनन क्रिया होती है। डेंगू बुखार जानलेवा माना जाता है जो कि एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। हैजा( डायरिया) एक जलजनित संक्रमण है जो शरीर में कालरा फैलाता है इस रोग के होने पर दस्त व निर्जलीकरण की समस्या हो सकती है ।डायरिया एक संक्रामक रोग है जो सभी विकासशील देशों में व्यापक है। यह तीन साल से कम उम्र के बच्चों को हर साल औसतन तीन बार होता है। डायरिया कुपोषण का एक प्रमुख कारण होता है और कुपोषित बच्चों को डायरिया से बिमार पड़ने की संभावना अधिक रहती है। टाईफाइड बुखार दूषित भोजन व पानी से होता है। हेपेटाईटिस ए संक्रमण दूषित पानी व भोजन के कारण होता है। यह बिमारी लिवर को अधिक प्रभावित करती है। बारिश में त्वचा संबंधी कई तरह के रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है। खुजली , जलन और रूखी त्वचा की समस्या होने लगती है ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नें बरसात के मौसम में बिमारियों से बचाव के उपाय बताए हैं। उन्होने बताया कि बेहतर स्वच्छता का उपयोग करें तथा खाना खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से हॉथ धोना चाहिए। नाखूनों को हमेशा छोटा और साफ रखना चाहिए ।बरसात के मौसम में पानी को उबालकर पीना उचित होता है सीधे नल का पानी नहीं पीना चाहिए ।बाहर के स्ट्रीट फूड खाने के बजाय घर का बना ताजा भोजन ले ।अत्यधिक मसालेदार भोजन का सेवन से बचना चाहिए । सब्जियों तथा फलों को धोकर उपयोग करना चाहिए। कटे फल , दही , रायता जैसे कच्चे भोजन खाने से बचें तथा घर से बाहर गोलगप्पे, चाट तथा दही खाने से बचें। संक्रमण व बुखार से बचने के लिए अदरक, तुलसी , कालीमिर्च, दालचीनी, इलायची की चाय बनाकर पीनी चाहिए। मानसून में त्वचा संबंधी रोग की समस्या से बचाव के लिए बारिश में भीगने पर तुरंत कपड़े बदल लेने चाहिए। अधिक देर बारिश में न रहें तथा त्वचा को सूखा रखें। कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिले के लोगों से अपील कर कहा है कि उपरोक्त सावधानिया बरतने से मौसमी बिमारियों के खतरों से बचा जा सकता है तथा किसी व्यक्ति को मलेरिया, डायरिया,टाईफाईड, हेपेटाईटिस तथा त्वचा रोग संबंधि लक्षण दिखाई दे तो वे चिकत्सालय, जाकर अपना उपचार करावें । उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किए है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान जल जनित बिमारियों के प्रसार को रोकने के उपाय के संबंध में जनसमुदाय/समाज के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करें। जिससे मौसमी बिमारियों से क्षेत्र की जनता को बचाया जा सके।

# देवशयनी एकादशी के अवसर पर मां सर्वमंगला घाट कोरबा में हसदेव आरती की गयी

## नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किया गया आयोजन, महापौर संजूदेवी राजपूत सहित अन्य यजमान हुए सहभागी





**कोरबा ।** हिन्दू धर्म की आस्था नगरी वाराणसी के माँ गंगा आरती की तर्ज पर कोरबा में भी माँ सर्वमंगला घाट में हसदेव आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर संजु देवी राजपूत सहित विभिन्न समाजसेवी संस्था के पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर 6 जुलाई रविवार को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती की गयी। इस दौरान समिति द्वारा आयोजन सम्बन्धी व्यवस्था की गयी थी। आरती के दौरान मां सर्वमंगला घाट पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा जो इस दृश्य के साक्षी बने। उल्लेखनीय है कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। नदियाँ सनातन काल से हिंदुओं की आस्था व श्रद्धा का केंद्र और विकास यात्रा की आधार रही हैं। वर्तमान में नदियों में प्रदूषण सहित अन्य समस्याएं, मनुष्य के सनातन जीवन पद्धति का पालन नहीं करने से उतपन्न हुई हैं। इस दिशा में निष्ठा से कार्य करने पर निश्चित ही नदियाँ प्रदूषण मुक्त होंगी ।उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित की जायेगी। इसी क्रम में देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर भी हसदेव आरती की गयी। उक्त हसदेव आरती में महापौर संजु देवी राजपूत मुख्य यजमान के रूप में सहभागी बनी। इसके अलावा विशिष्ट यजमान राष्ट्रसेविका समिति की जिला कार्यवाहिका गीता सिंह, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा मनीषा गोयल, सतनामी कल्याण समिति की जिलाध्यक्ष डॉ. बरखा रानी कुर्रे, अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्रीय समिति की महिला संयोजिका लक्ष्मी नायक सहित बड़ी संख्या में आम गणमान्य नागरिक, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सचिव स्थापना दिवस पर सेवा भाव की मिसाल, रक्तदान, फल वितरण और वृक्षारोपण कर निभाया सामाजिक दायित्व



**कोरबा।** पंचायत सचिव संघ जिला इकाई कोरबा द्वारा 07 जुलाई को सचिव स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलेभर के पंचायत सचिवों ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए रक्तदान, फल वितरण और वृक्षारोपण जैसे जनहितकारी कार्यक्रमों में सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत संसाधन केंद्र कोरबा में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला सीईओ दिनेश नाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री नाग का शाल-श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान करने के साथ हुई। तत्पश्चात सचिव संघ द्वारा जिला पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। इसके पश्चात सचिव संघ द्वारा जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में प्रसन्नता देखी गई। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें दिलीप कुमार, मोहम्मद हसन, रहीम अली, रविंद्र, कुमार सिंह कंवर सहित लगभग 30 से 40 पंचायत सचिवों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर, जिला सचिव राजकुमार रजक, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद हसन सहित जिले के विभिन्न विकासखंडों से पंचायत सचिवों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सचिवों की सहभागिता, अनुशासन और सेवा भावनाओं ने आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बनाया। संघ की कार्यकारिणी में अध्यक्ष मोहन चंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष विशोक सिदार, मुखी सिंह कंवर, हरिशंकर पटेल, महामंत्री धर्मराज मरकाम, पुनीदास मानिकपुरी, संतलाल कैवर्त, विरेन्द्र सिंह कंवर, सह-सचिव कलेश्वर अहीर, कोषाध्यक्ष हरि सिंह कंवर, कार्यालयीन सचिव मेहंदी हसन व विजय गुप्ता, प्रवक्ता जितेन्द्र जायसवाल, संतोष दीवान, सुकलाल चौहान, रहीम अली, धनन्जय साहू व समार सिंह टेकाम, मीडिया प्रभारी नागेन्द्रधर दीवान, राज नारायणधारी, दिलीप सिंह पुलस्त, विधिक सलाहकार रविशंकर जायसवाल, सुरेशधारी, मनशोधन यादव, अमृत लाल आयाम, छत्तर सिंह जगत, संत कुमार मरकाम, छत्तरपाल सिंह विंध्यराज, कार्यकारिणी सदस्य देवकुमार कामड़े, गंगा साहू, उदय मन्नेवार, बीर सिंह पैकरा, रामखिलावन कश्यप, गनपत टोप्पो, थान सिंह कंवर तथा आमंत्रित सदस्य मोहम्मद हसन, रामकुमार टेकाम, विजय एक्का व सत्यनारायण पैकरा शामिल रहे। सचिव स्थापना दिवस सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक एकजुटता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया।

# सीतामणी में लोगों के घरों पर घुसा पानी



**कोरबा ।** जिले में लगातार हो रही बरिश के कारण ऊर्जाधानी पानी-पानी हो गई है। शहर से लेकर उपनगरीय इलाकों के निचली बस्तियों में पानी भरा हुआ है। लोगों को अपना सामान सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा है ।बादलों के जमकर बरसने से निचली बस्तियों में जल स्तर बढ़ गया है। नदी-नाले उफान में हैं।

कोरबा के सभी नदी-नालों में अचानक जलस्तर बढ़ गया है। इस कारण से हसदेव नदी के जल में भी वृद्धि हुई है और नदी किनारे कब्जा कर बनाए गए घरों में पानी भर गया है। सबसे बुरा हाल सीतामणी क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय के पीछे स्थित बस्ती का है। इस क्षेत्र की अधिकांश बस्तियां हसदेव नदी की डुबान क्षेत्र में आती है। बारिश के कारण नदी में जल स्तर बढ़ने से इन घरों में पानी घुस गया है ।लगातार हो रही बारिश के चलते इन बस्तियों में पानी भरा हुआ है। कई मकानों में वर्षा का जल घुस गया है। यहां रहने वाले लोगों को इन मकानों को खाली करना पड़ा है और उन्होंने सुरक्षित स्थान पर शरण लिया हुआ है। कई लोग अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे हैं ।क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि सुफल दास महंत ने बताया कि इस क्षेत्र में स्थित अधिकांश मकान हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में आते हैं और इन्हें खाली करने के लिए पहले ही कोरबा जिला प्रशासन की ओर से संबंधित लोगों को कहा गया था। कई लोगों ने अपना मकान खाली कर दिया है, कुछ लोग बचे हुए थे उन्हें भी सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

बरहाल मौसम विभाग में अगले 3 घंटे में कोरबा में भारी बारिश के चेतावनी जारी की है,

# एकलव्य आवासीय विद्यालयों में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को

**कोरबा ।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 7 वी, 8 वी, 9 वीं एवं 11 वीं में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 07 जुलाई तक आवेदन पत्र मंगाये गये थे। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में होगी। तथा प्रवेश पत्र का वितरण 11 जुलाई को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में की जायेगी। किसी कारणवश प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होने की स्थिति में परीक्षा तिथि 12 जुलाई को सुबह 09 बजे से 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र से प्राप्त किया जा सकता है।

# एक पेड़ मां के नाम- स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया ने किया वृक्षारोपण

कोरबा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में श्एक पेड़ मां के नामश् थीम पर आधारित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान पर किया गया।

इस गरिमामयी आयोजन में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे, वनमंडलाधिकारी श्री चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेसी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कलेक्टर त्रिपाठी ने स्काउट-गाइड्स एवं जनता को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बाल विवाह, प्रेम-प्रसंग के नाम पर मानव तस्करी और महिलाओं के लैंगिक शोषण जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्काउट्स-गाइड्स से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की ।पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे ने उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा पास्को एक्ट जैसे सामाजिक विषयों पर जागरूक किया।

# बांकीमोंगरा में ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश, प्रेमिका ने ही अपने पूर्व पति और दो अन्य के साथ मिलकर वारदात को दिया था अंजाम



**कोरबा।** बांकी मोंगरा क्षेत्र में हुई हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने सीएसपी दर्री श्री विमल पाठक को तत्काल सभी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस ब्लाइंड मर्डर केस को शीघ्र सुलझाने के लिए विशेष जांच टीम गठित करने और तकनीकी व मानवीय खुफिया स्रोतों का अधिकतम उपयोग करने का आदेश दिया। इसके परिणामस्वरूप, पुलिस ने मात्र 36 घंटे के भीतर ही आरोपियों को पकड़कर मामले का खुलासा कर दिया। यह मामला महिला और उसके पहले पति द्वारा महिला के प्रेमी की हत्या के लिए 1 लाख में कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का था ।ब्लाइंड मर्डर केस़*शुरुआत में कोई स्पष्ट सुराग नहीं था, लेकिन तकनीकी जानकारी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कीद्य आरोपियों ने मृतिका की प्रेमिका अंजू पाठक द्वारा 1 लाख रुपये के लालच* में हत्या करने का खुलासा किया ।अंजू ने अपने पूर्व पति रंजीत सिंह और दो अन्य आरोपियों के साथ मिलकर योजना बनाई थी ।दिनांक 04/07/2025 को शाम 5ः55 बजे सूचक मनीष शर्मा ने थाना प्रभारी को सूचित किया कि मोंगरा बस्ती भाठा में एक व्यक्ति का शव धारदार हथियार से कटे हुए अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि मृतक अश्वनी पाठक के गले, कंधे और पीठ पर जानलेवा वार किए गए थे। घटनास्थल से शराब की बोतल, मूंग दाल का पैकेट और एक बैग बरामद किया गया, जिससे पीछे की कहानी का पता चला। आरोपी सिद्धू को जांजगीर-चंपा के खरौद से और अजय चौहान को दर्री से गिरफ्तार किया गया। दोनों ने स्वीकार किया कि अंजू पाठक ने 1 लाख रुपये का लालच दिया था, जबकि रंजीत सिंह ने 4,300 रुपये अग्रिम दिए थे । हत्यारे हथियार (चाकू) और खून से सने कपड़े जब्त किए गए।

# समस्या के स्थाई समाधान हेतु जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड बालको पहुंचे आयुक्त



**कोरबा।** नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सोमवार को सुबह-सुबह स्कूटी पर सवार होकर जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड ढेगुरनाला बालको पहुंचे, उन्होने अधिक वर्षा के दौरान बस्ती में होने वाले जलभराव की समस्या से वहॉं के रहवासियों को निजात दिलाने एवं समस्या के स्थाई समाधान के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, रिंग रोड में नए नाले के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बारिश के दौरान जहॉं-जहॉं पर जलभराव की समस्या पैदा होती है या अतिवर्षा के दौरान जलभराव की संभावना दिख रही है, उन सभी क्षेत्रों में समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में ठोस कार्यवाही करें, ताकि आगामी समय में जलभराव की स्थितियों का सामना आमनागरिकों को न करना पड़े। उन्होने जलभराव से प्रभावित बस्तीवासियों से भेंट-मुलाकात भी की। उल्लेखनीय है कि विगत दिन अधिक वर्षा के दौरान बालको क्षेत्र के शांतिनगर बस्ती में जलभराव की समस्या पैदा हो गई थी, जिसके कारण वहॉं के रहवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, शांतिनगर बस्ती व रिंग रोड के समीप होने वाले जलभराव की समस्या से स्थाई निजात वहॉं के निवासियों को मिले, इसके मद्देनजर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर उक्त सम्पूर्ण बस्ती व जलभराव होने वाले क्षेत्र का सघन रूप से जायजा लिया, स्कूटी पर सवार होकर उक्त सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण किया एवं समस्या के स्थाई समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने व रिंग रोड में नया नाला निर्माण का प्रस्ताव त्वरित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉं पर स्थित पुराने नाले की सम्पूर्ण सफाई कराने एवं नाले के जलप्रवाह पर सतत नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा के दौरान नाले में कहीं भी जल का प्रवाह बाधित न हों, इस पर सतर्क नजर रखें तथा जहॉं कहीं भी अवरोध होने, जल प्रवाह धीमा होने की स्थिति दिखें तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराएं ताकि जल की निकासी सुगम रूप से होती रहे।

इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती भ्रमण कर विगत दिन हुए जलभराव की समस्या का सामना करने वाले बस्तीवासियों से भेंट-मुलाकात की, उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि निगम इस समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम उठाएगाद्य आयुक्त ने इस दौरान बालको जोन के अंतर्गत आने वाले हाउसिंग बोर्ड कालोनी, परसाभांठा, बस स्टैण्ड क्षेत्र, चेकपोस्ट सहित अन्य बस्तियों में साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित अन्य बस्तियों की नालियों की नियमित सफाई करने, उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने के निर्देश अधिकारियों श्री पाण्डेय ने बालको बस स्टैण्ड के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया तथा वहॉं की आवश्यक व्यवस्थाओं व शौचालय व उसके परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। आयुक्त ने अचानक निगम के दर्री जोन कार्यालय में दस्तक देते हुए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, उन्होने जोन कार्यालय के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर वहॉं की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, संधारित पंजियों, दस्तावेजों व जनसमस्याओं से जुड़े प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की बिन्दुवार जानकारी ली एवं लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी व सुशील सोनी, उप जोन प्रभारी महेश्वर सिंह, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, रामाधार सागर, तीजराम, डी.एन. पैकरा, ढेलुराम देवांगन आदि के साथ जोन के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अशासकीय विद्यालय संघ चुनाव में अध्यक्ष मनोनीत हुए अक्षय कुमार : संदीप बने सचिव



**कोरबा ।** जिला अशासकीय विद्यालय प्रबंधक संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद अक्षय कुमार दुबे 120 वोट में से 111 वोट प्राप्त करके पुनः जिला अध्यक्ष के पद को हासिल किया। सचिव पद पर संदीप केसरवानी ने 96 वोट प्राप्त कर जिला सचिव की पदभार ग्रहण किया और कोषाध्यक्ष के रूप में धरम तिवारी निर्विरोध चयन हुए। चुनाव में कुल 75 विद्यालयो ने हिस्सा लिया और उन्होंने अपना मताधिकार का प्रयोग कर वोट डाले। इनमें सचिव पद के लिए शिव शंकर जायसवाल और राधे श्याम मनहर को 12-12 वोट मिले। संदीप केसरवानी को सचिव पद के लिए 96 मत प्राप्त हुए। इसी कड़ी में अध्यक्ष के लिए 120 वोट पड़े जिसमें 9 वोट भौनेंद्र डहरवाल को प्राप्त हुए और 111 वोट अक्षय कुमार दुबे प्राप्त हुए। एकतरफा जीत हासिल कर जिला अध्यक्ष के पद पर पुनः काबिज हुए। चुनाव अधिकारी एसआर अमित, नोडल अधिकारी रामनारायण जायसवाल ने पारदर्शिता के साथ चुनाव को संपन्न कराया और विधिवत्त घोषणा कर प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिले में अक्षय दुबे, संदीप केसरवानी और धरमलाल तिवारी को अशासकीय विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई। विजयी पदाधिकारियों ने स्कूल प्रबन्धक और प्राचार्यो का आभार व्यक्त किया।



## महुदा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**जांजगीर-चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुदा में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने की दर्दनाक घटना में एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय राजेन्द्र साहू के रूप में हुई है, जो खेत देखने गए थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान राजेन्द्र साहू अपने खेत में थे, तभी आकाशीय बिजली गिरने से वे उसकी चपेट में आ गए। कुछ देर बाद जब ग्रामीण खेत की ओर पहुंचे, तो उन्होंने उन्हें अचेत अवस्था में पाया। परिजनों को सूचना देकर उन्हें तत्काल चांपा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।राजेन्द्र साहू पेशे से किसान थे और परिवार में पत्नी सहित चार बेटियां व एक बेटा है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और बड़ी संख्या में ग्रामीण शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करने पहुंच रहे हैं।घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद चांपा थाना की टीम ने मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्यवाही शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।मानसून के इस मौसम में इस घटना ने एक बार फिर आकाशीय बिजली से सतर्क रहने की आवश्यकता को उजागर किया है।

## गुरु पूर्णिमा वृंदावन में, संत रितेश्वर होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** गुरुब्रह्म गुरुविष्णु, गुरुदेव 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रीधाम वृंदावन में जांजगीर चाम्पा, सकती, रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ से राष्ट्र सन्त रितेश्वर महाराज जी के अनुयायी वृंदावन पहुंच कर गुरुजी से आशीर्वाद लेंगे, इस वर्ष सबसे प्यारा महोत्सव श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्री धाम वृंदावन में होने जा रहा है, जिसकी सूचना ने सबको आनंद विभोर कर दिया है, चहुं ओर आह्लाद है, वृंदावन में बरसों के बाद महोत्सव का आगाज भला कैसे सबको विभोर न करेगा, अतएव जो भी साधक शिष्य सूजन इस दिव्य महा महोत्सव में श्री धाम आने वाले हैं, वे अपने आने की सूचना संख्या इन नंबरों में कर देवें-आ गुरुदासा नन्द जी-9399373045, आचार्य विजय जी बैंगलोर-93410 71254, महोत्सव में पहुंच रहे साधकों के द्वारा इसकी तैयारी वृंदावन के आनंटम धाम परिक्रमा मार्ग में किया जा रहा है, उपरोक्त जानकारी गुरु जी के परम शिष्य जीतू जितेंद्र अग्रवाल ने दी है।

## रोजगार दिवस में दी गई जल संरक्षण मनरेगा एप की ग्रामीणों को जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के जॉब कार्डधारी परिवारों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को जनमनरेगा मोबाइल एप, जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य, एक पेड़ मां के नाम अभियान, तथा मोर गांव - मोर पानी जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को बताया गया कि मनरेगा के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। ग्रामीण एवं मनरेगा के श्रमिकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मनरेगा के नवीन दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। लोगों को बताया गया कि कैसे वे जनमनरेगा एप के माध्यम से कार्य की निगरानी कर सकते हैं और पारदर्शिता बनाए रख सकते हैं। साथ ही जल संचयन, सोखता गड्ढों का निर्माण, और वृक्षारोपण जैसे कार्यों को जनभागीदारी से सफल बनाने का संदेश दिया गया। रोजगार दिवस के माध्यम से ग्रामीणों तक योजनाओं की सही जानकारी पहुँचाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। रोजगार दिवस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी हृदय शंकर ने महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराय। इसके साथ ही शासन की चल रही योजनाओं एक पेड़ मां के नाम अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान, जल संरक्षण एवं संवर्धन सहित सामुदायिक और हितग्राहीमूलक कार्यों की जानकारी दी।

## किरायेदारों की जानकारी देना भूमि स्वामी की बाध्यता : एसपी अंकिता शर्मा

**सक्ति।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ती से जारी निर्देश के



मुताबिक छत्तीसगढ़ रेंट कंट्रोल अधिनियम 2011 की अनुसूची-3, अधिनियम की धारा 12, उपधारा (3), सरल क्रमांक 2 के अंतर्गत यह स्पष्ट रूप से निर्धारित है कि - किसी भी नए किरायेदार के प्रवेश की स्थिति में भूमि स्वामी (मकान मालिक) की यह बाध्यता है कि वह उक्त जानकारी 7 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में निकटतम पुलिस थाने में प्रस्तुत करें।

यह जानकारी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु अत्यंत आवश्यक है। उक्त नियम का पालन न करने की स्थिति में संबंधित भूमि स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है । पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे अपने किरायेदारों की जानकारी समयबद्ध एवं निर्धारित प्रारूप में संबंधित थाना प्रभारी को अवश्य दें, जिससे समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। यदि पूर्व में जानकारी नहीं दी गई है तो संबंधित थाने में 7 दिवस के भीतर अनिवार्य जानकारी प्रेषित करें।

# ग्राम पंचायत रिंगनी से कुकदा को जोड़ने वाला कांजी नाला उफान पर

**जांजगीर चांपा।** पिछले पाच दिनों से जमकर बारिश हो रही है। गुरुवार से रविवार को जांजगीर जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में लगातार तेज बारिश और दिन में रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हुई। कुछ दिनों से हो रही अच्छी बारिश से नाले उफान पर हैं। खेत खलिहानों में लबालब पानी भर गया है। सावन के मास शुरूआत दिनों में जमकर बारिश हो रही है। लोगों ने घर से निकालने बहुत प्रयास किया, लेकिन तेज बारिश ने कोई मौका नहीं दिया। मौसम विभाग ने रविवार को जिलेभर में औसत 70 मिमी बारिश दर्ज की। सबसे ज्यादा बारिश नवागढ़ तहसील में 60 मिमी दर्ज की गई। गुरुवार से रविवार तक लगातार हो रही बारिश के कारण नवागढ़ ब्लाक में बहने वाला ग्राम पंचायत रिंगनी कुकदा का कंजी नाला उफान पर है। पिछले कई दिनों से रूक-रूककर बारिश हो रही है। इसके चलते कांजी नाले भी पूरी तरह से उफान पर है। बारिश के चलते लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो

चुका है। लोग घरों में दुबके हुए हैं, पिछले पाच दिनों की बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है बुधवार को बारिश शुरू हुई है वह रूक-रूककर सोमवार तक जारी रहा। लगातार बारिश होने से लोगों को अपने घर से निकलना मुश्किल हो चुका है। इसके चलते लोगों



को सड़कों पर चलना मुश्किल हो चुका है। बारिश के कारण सबसे अधिक परेशानी कामकाजी लोगों को हुई। बारिश का

असर सबसे अधिक ग्रामीण इलाके में हुई। एक ओर किसानों का खेत पूरी तरह से लबालब भर गया है और अभी की पुल से लगभग 3 फीट ऊपर चल रहा है रिंगनी कुकदा कांजी नाला उफान पर रहा है, जिससे सभी आने जाने वाले को काफी प्रभावित हो जाएगा पुल के ऊपर से करीब तीन फीट पानी बह रहा है। वहीं कांजी नाला पुल के ऊपर पानी आने के बाद से रिंगनी से कुकदा सलखन सेमरा जांजगीर-चांपा से संपर्क कट जाएगा जिससे सभी स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कत हो सकता है और पुलिस प्रशासन का टीम भी काजी नाला के दोनों पार लगा हुआ है शिवरीनारायण थाना प्रभारी भास्कर शर्मा बार बार पेट्रोलीग कर रहा है काजी नाला में तैनात जवान कृष्ण कुमार साहू ब्रजेश पटेल राधेश्याम कश्यप ग्राम कोटवार दिलीप चौहान राधे चौहान सहित पुलिस की टीम तैनात है।

**नए पुल निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही से तीन साल बाद भी अधूरा कार्य, जनता परेशान**

रिगनी-कुकदा-कंजी नाला पर बनने वाले बड़े पुल के लिए दो बार पहले ही स्वीकृति और शुक्रिया ज्ञापन किया जा चुका है। दो साल में निर्माण कार्य पूर्ण करने की शर्त पर ठेकेदार को कार्य का ठेका भी दे दिया गया था। लेकिन आज तीन साल बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण आधा-अधूरा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार की घोर लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के कारण यह स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र का कंजी नाला हर साल दो से तीन बार उफान पर आता है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। बारिश के समय इस पुल से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे स्कूल, अस्पताल, खेती और व्यापार सब प्रभावित होते हैं।

हर साल इस मार्ग पर दुर्घटनाएं घटती हैं, कई बार जान-माल की हानि भी हो चुकी है, लेकिन प्रशासन और ठेकेदार की आंखें अब तक नहीं खुलीं। जनता अब मांग कर रही है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए, ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, और वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों की जान खतरे में न पड़े।

## हथियार से डराया लोगों को, दो आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** निकलेश कुमार यादव निवासी बेलदारपारा थाना चाम्पा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 07/07/25 के सुबह करीबन 7/10 बजे इसके पिता घर के बाहर चबूतरा में बैठकर न्यूज पेपर पढ़ रहे थे उसी समय पडोस का संतोष साहू उर्फ़ सोनू आया और बोला कि तुम आजकल मेरे साथ पीने खाने के लिए नहीं बैठते हो बोलकर वाद विवाद कर हाथा पाई करने लगा, बाद विवाद की आवाज को सुनकर प्रार्थी घर से बाहर निकला तो देखा कि सन्तोष साहू उर्फ़ सोनू का भाई दया राम साहू अपने हाथ में धारदार हथियार तलवार नुमा को अपने हाथ मे लहराते आया जिससे मोहल्ले वासियों में दहशत का महौल बन गया दोनो भाई अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे इसी दौरान दयाराम साहू तलवार नुमा हथियार से प्रार्थी तथा उसकी मां पर हमला करने का प्रयास किया जिसे प्रार्थी अपने हाथ से रोका तो इसके हाथ में चोट लगा रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक चाम्पा यदुमनी सिदार को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए जिस पर थाना चाम्पा से तत्काल एक टीम




मौके की ओर रवाना किया गया जहां 02 व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने की फिराक में थे जिन्हें दौड़ा कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम दयाराम साहू और संतोष साहू उर्फ़ सोनू निवासी बेलदारपारा बताये आरोपी दया राम साहू के कब्जे से तलवारनुमा हथियार जप्त किया गया दोनों आरोपियों के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने से दोनों आरोपियों के विरुद्ध 296, 351(2),115(2) 3(5)BNS तथा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत किया गया तथा दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

? उपरोक्त कारवाई में थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक ज्ञान प्रकाश खाखा , प्र.आर नरसिंह बर्मन, पुष्पलता साहू, आरक्षक सुमंत कँवर, जय उराव का विशेष योगदान रहा

## कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की मांग एवं समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में तहसील सारागांव निवासी देव कुमार राठौर ने पैतृक कृषि भूमि के निकट डम्प राखड़ के राख बरसात के पानी के कारण बहकर खेत में आने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम चांपा को जांच कर डम्प राखड़ को हटवाने एवं संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसील जांजगीर के ग्राम खैरा निवासी श्रीमती बैसाखा बाई साहु ने आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण वृद्धापेंशन की राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने ईडीएम को आवेदिका के आधार कार्ड को अपडेट करने के निर्देश दिए। तहसील सारागांव निवासी श्री सोनाऊ राम रावत यादव ने बी 1, खसरा में त्रुटि सुधार करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम चांपा को शीघ्र निराकण करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय निवासी श्री शिवकुमार तम्बोली ने आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वे श्री तम्बोली का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार आज जनदर्शन में राशन कार्ड, आवास सहित अन्य विषयों से संबंधित 67 आवेदन प्राप्त हुए।

## प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभान्वित बच्चे डीएम से मिलकर हुए उत्साहित

**जांजगीर-चांपा।** कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत समुचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में आज प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभान्वित बच्चों ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों तथा उनके वर्तमान संरक्षकों से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं समग्र सुरक्षा संबंधी जानकारी ली एवं बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं अध्ययन सामग्री भेंट की और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना से जुड़े इन बच्चों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा समय-समय पर निरंतर निगरानी एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल उपस्थित थे।

## पैसों के लिए परेशान कर रहा था पड़ोसी,युवक ने लगाई फांसी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम कुरदा खार में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान धनेश्वर प्रसाद धोबी के रूप में हुई, जो शक्ति जिले के ग्राम ठठारी का निवासी था। जांच में सामने आया कि मृतक का पड़ोसी महेंद्र उर्फ मोनू चंद्रा लगातार पैसों की मांग करता था। धनेश्वर द्वारा मना करने पर वह गाली-गलौज करता और जान से मारने की धमकी देता था। 25 मई को भी महेंद्र मृतक के घर आया और पैसों की मांग की। मना करने पर विवाद हुआ। परिजनों के बीच-बचाव करने और पैसों के कारण पूछने पर महेंद्र ने धमकी दी कि उनके लड़के की लाश भी नहीं मिलेगी। पुलिस ने मामले में धारा 108 क्ख्रह्स के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस टीम ने सक्ती जिले के बाराद्वार में आरोपी के घर पर दबिश दी। पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा।परिजनों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि धनेश्वर ने महेंद्र की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या की।

## घर में खाना खाने के बाद वृद्ध लापता, खोज कर रही पुलिस

**अकलतरा।** ग्राम दर्रीटांड़ में 75 वर्षीय प्रभेलाल नायक दोपहर का भोजन करने के बाद घर से लापता हो गए। घटना 4 जुलाई को वार्ड नंबर 14 की है, जहां दोपहर 2 बजे भोजन के बाद वे घर के बाहर बैठे थे। काफी देर तक अंदर न आने पर परिजनों ने बाहर जाकर देखा तो प्रभेलाल वहां नहीं मिले। मोहल्ले, गांव और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। प्रभेलाल के बेटे अनिल कुमार नायक ने बताया कि उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। वृद्ध की याददाश्त कमजोर थी और वे अक्सर घर के बाहर बैठते या मोहल्ले में घूमते रहते थे। परिजनों ने पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय ने बताया कि पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है और बिलासपुर सहित अन्य जिलों के थानों में भी सूचना भेजी गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं प्रकाश चंद्र अग्रवाल निवासी कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मेरे आधार कार्ड (8581 4380 8358) एवं रजिस्ट्री पेपर में मेरा नाम प्रकाश चंद्र अग्रवाल Prakash chandra Agrawal, पेन कार्ड (BNLPA3749R) और डायवर्सन आडर, B1 P2 में मेरा नाम PRAKASH CHAND AGRAWAL दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**स्थायी पता**
**178/7ख शामिल 183/6ख**
**ग्राम- कटघोरा, प.ह.न.-10**
**तहसील-कटघोरा,**
**जिला-कोरबा**

## मुस्लिम समाज ने सक्ती में मनाया मोहर्रम का त्योहार

**सक्ती।** मोहर्रम का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने इस पवित्र अवसर पर मस्जिद में



शोहदाय कर्बला की सभाएं आयोजित कीं, जहां श्रद्धालुओं ने अपने मुरीदाना अंदाज में अकीदत और एहसानों का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, मस्जिद के सामने भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने लंगर एवं शरबत का इंतजाम किया गया इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया मोहर्रम को हसन हुसैन की शहादत के बारे में बताया गया इन्होंने इस्लाम के लिए अपनी और परिवारों की शहादत देकर इस्लाम को आगे बढ़ाया इन्होंने अपनी जान की कुर्बानी दी उनकी शहादत को याद करते हैं

अपनी श्रद्धा और प्रेम के साथ मोहर्रम के इस अवसर को बड़े आदर और सादगी से मनाया। मुस्लिम समाज ने इस त्योहार के जरिए एकता, सद्भाव और अपने महान इतिहास की यादें ताजगी के साथ याद की।

## सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को मिलेगा कैशलेस उपचार

**सक्ती।** सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को नगदी रहित इलाज देने की पहल की है। इस पर सक्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग ने अमल शुरू कर दिया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में इलाज की प्रक्रिया को लेकर आईआरएडी और ईआरएडी पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण एसपी कार्यालय के सभा कक्ष में हुआ। इसमें साधना गुप्ता, डीआरएम (एनआईसी) ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को पोर्टल की जानकारी दी। सक्ती जिले के सभी सरकारी अस्पतालों और योजना के अंतर्गत शामिल छह निजी अस्पतालों के डॉक्टरों और आयुष्मान ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया।

# स्टेशन में चोर गिरोह को पकड़ा पुलिस व आरपीएफ ने

**चांपा।** राधेश्याम धिरहे निवासी पंडाहरदी जैजैपुर ने दिनांक 6-7-2025 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की एक दिन पूर्व दिनांक 5-7.2025 को वह रेलवे स्टेशन चांपा अपने निजी काम से गया था और अपनी मोटरसाइकिल को स्टेशन के बाहर खड़ी किया था थोड़ी देर बाद आकर देखा तो उसकी मोटर साइकिल वहां पर नहीं थी जिसे किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया कि सूचना थाना चांपा में दी गई जिस पर तत्काल थाना चांपा में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप,एसडीओपी SDOP चांपा श्री यदुमणि सिदार को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल घटना स्थल जाकर पता तलाश करने एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए जिस पर तत्काल थाना चांपा से एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित त्व्थ् कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को एवं आर.पी.एफ पौस्ट चांपा की मदद से चेक किया गया। जिसमें घटना दिनांक समय को दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से स्टेशन परिसर पर घूमते दिखे बारीकी से फुटेज को चेक करने पर दोनों व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी की मोटरसाइकिल को चोरी करते वीडियो में देखा गया फुटेज के आधार पर आरोपियों के संबंध में पता तलाश करने पर पता चला कि दोनों व्यक्ति ट्रेन में समान बेचने का काम करते हैं और स्टेशन




के पास घूम रहे हैं कि सूचना मिलने पर तत्काल घेरा बंदी करके दो व्यक्तियों को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम रोशन भट्ट और प्रमोद चैहान होना पाया गया। जिनसे चोरी गई मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर पुलिस को गुमराह करते रहे बारीकी से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह कोरबा के रहने वाले हैं और ट्रेन में घूम घूम कर सामान बेचने का काम करते हैं और अलग-अलग स्टेशन में उतरकर स्टेशन के बाहर पार्किंग के सुनसान एरिया में रखें मोटरसाइकिल को निशाना बनाकर चोरी करते हैं दोनों आरोपियों से निशानदेही पर अलग - अलग स्थान से दोनो आरोपियों के कब्जे से कुल 10 नग मोटरसाइकिल जिसमें हीरो पैशन प्रो - 03, यामहा - 01, हीरो स्प्लेडर - 01, एचएफ डिलक्स - 03, प्लसर - 01, होण्डा - 01, जिनकी अनुमानित कीमत करीब ?800000 (आठ लाख रूपये) है को जप्त किया गया दोनों आरोपियों के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

? उपरोक्त कारवाई में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, आरपीएफ पोस्ट चाम्पा के प्रभारी निरीक्षक पुरूषोत्म तिवारी, उपनिरीक्षक डी के हरवंश एवं आर.पी.एफ. स्टाफ एवं थाना चांपा से उप निरीक्षक बेल्सज्जर लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक लम्बोदार सिंह, आरक्षक मुद्रिका दुबे, आकाश कलोशिया, आदित्य सिंह, वीरेश सिंह,जैकब तिर्की का विशेष योगदान रहा।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/3061 Korba West, dtd. 04-07-2025

(e-Bidding)TENDER NOTICE No. 1353/2025.

Online tenders are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100044678 | Deployment of One No. Vehicle- (LCV) for CHEO, LDCC System, HTPS, KWB. | 590/- | 6,520/- | 24.07.2025 |
| 2. | Rfx No. 8100044683 | Assistance service in day to day office work at O/o ACE (O&M-I), HTPS, Korba West. | 590/- | 8,840/- | 24.07.2025 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in- e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

S-44455/3

## नगर के अंदर अवैध पार्किंग से परेशानी बढ़ी

**बलौदा।** नो एंट्री खुलने के इंतजार में कोयला ट्रेलर एवं अन्य भारी वाहन नगर के काफी अंदर तक लाकर सड़क के दोनों तरफ खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और ट्रैफिक जाम होता है। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष कविता डहरिया और उपाध्यक्ष केके सोनी के नेतृत्व में पार्षदों का दल थाना प्रभारी से मिलकर ट्रेलरों और भारी वाहनो को नगर की सीमा से बाहर खड़े किए जानें या फिर कोल वाशरी से ही नो एंट्री खुलने के समय वाहनों को रवाना करने के लिए निर्देशित करने की मांग की है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन जांजगीर, द्वारा कोयला परिवहन करने वाली ट्रेलर वाहन के लिए नगर पंचायत बलौदा क्षेत्र में आने जाने हेतु समय सारणी निर्धारित करते हुए बिलासपुर-कोरबा, बलौदा हरदीबाजार रोड के लिए रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक आवागमन करने अनुमति दी गई है।

## अनमोल वचन......

**इंसान सफल तब होता हैजब वो ये समझ लेता है कि हर इंसान अपनी जगह सही होता है..!!**

# हिन्दी को जबरन घसीटना

*महाराष्ट्र के विद्यालयों में पहली कक्षा से हिन्दी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के दरम्यान मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। भाषा नीति के कार्यान्वियन व आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् की अध्यक्षता में समिति का गठन करने की घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने की। राज्य सरकार ने अप्रैल मध्य में आदेश जारी किया था कि अंग्रेजी व मराठी माध्यम स्कूलों के छात्रों के लिए पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था, परंतु जबरदस्त विरोध के चलते महीने भर बाद ही संशोधित सरकारी आदेश द्वारा हिन्दी को वैकल्पिक विषय बता दिया गया। आदेश को रद्द करते हुए मुख्यमंत्री ने दलीलें दीं, कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे द्वारा कक्षा एक से बारह तक तीन भाषा नीति लागू करने की सिफारिशें स्वीकारी थीं व कार्यान्वियन पर सामिति गठित की थीं। भाषा विवाद देश में नया नहीं है। दक्षिण के कई राज्य हिन्दी का सिर्फ विरोध ही नहीं करते रहे हैं बल्कि इसे थोपे जाने के आरोप भी मढ़ते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रि-भाषा लागू करने की बात की गई है। जिसमें कम-से-कम दो भाषाएं भारत की मूल होनी अनिवार्य है। तीसरी भाषा का चयन छात्र/राज्य व क्षेत्र के अनुरूप करने की बात की गई। मगर स्थानीय राजनीतिक दलों ने इसे मुद्दा बनाया और वे पूर्वाग्रह से हिन्दी थोपने का विरोध करने में जुट गए। बेशक राज्यों में सरकारी नौकरियों के लिए उम्मीदवारों से स्थानीय भाषा के ज्ञान की अनिवार्यता अभी भी है। महाराष्ट्र में बहुसंख्य लोग मराठी बोलते हैं। यह देश में प्रयोग की जाते वाली भाषाओं में तीसरा स्थान रखती है, जिसे पश्चिम भारत के अन्य राज्यों में भी खूब प्रयोग किया जाता है। बावजूद इसके भाषा विवाद में जबरन हिन्दी को घसीटना सिर्फ राजनीतिक कीचड़ उछालने का दस्तूर बन गया है, जिस पर सरकार को कड़ा निर्णय लेना चाहिए। किसी भी राष्ट्रीय नीति को लेकर राज्यों को सहिष्णुता बरतनी चाहिए। केंद्र को इस पर दखलंदाजी करने पर संकोच नहीं करना चाहिए। जब तीसरी भाषा का चुनाव छात्रों के इख्तियार में है, वे स्वेच्छापूर्वक न चाहें तो उन्हें मजबूर नहीं किया जा सकता। सरकार का इस तरह का ढुलमुल रवैया उचित नहीं। अंग्रेजी पर बढ़ती निर्भरता और जरूरत को सहजतापूर्वक स्वीकारने वालों को एकता व अखंडता का सम्मान करते हुए जनता को यह इख्तियार देना होगा। भाषाओं की अपनी गरिमा व सम्मान है, उसके प्रति द्वेष कतई उचित नहीं है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते है, आज का दिन आपके लिए शुभ है। दाम्पत्य रिश्तों में तालमेल बना रहेगा, जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आज आप ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लीड कर सकते है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज से आप अपनी हेल्थ को ठीक रखने के लिए रोज व्यायाम करने की आदत को सुधारेंगे। वैवाहिक जीवन में कुछ नई जिम्मेदारियों को निभाने का दायित्व प्राप्त होगा 7 व्यापारिक दृष्टि से आपके लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी, पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस में आज आपको बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। नौकरी का इंतजार कर रहे व्यक्तियों को आज किसी बड़ी कंपनी से ऑफर मिल सकता है। आज आप परिवार के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आप अपने जीवन से जुड़े कुछ जरूरी निर्णय करेंगे, जो भविष्य में आपकी बड़ी मदद करेंगे। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कुछ यादगार पल बिताएंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, अत्यधिक खर्च करने से बचें। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा, सामाजिक तौर पर आपकी स्थिति ठीक रहेगी 7 आर्ट स्टूडेंट को आज कला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर का प्राप्त होगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आज आप कही घूमने जा सकते है। जो लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे है, आज उनको बढ़िया डील मिलेगी। मीडिया जगत से जुड़े लोग, आज किसी बड़ी घटना पर चर्चा करेंगे। आज आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से करेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सगे सम्बन्धियों से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, चहल-पहल बनी रहेगी। विदेश में रह कर काम कर रहे व्यक्तियों को घर जाने का अवसर मिलेगा। आज आपका मन अध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे आज आप पॉजिटिव एनर्जी का अहसास करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज का दिन आप पढ़ने-लिखने में बिताएंगे और आपकी व्यापारिक दृष्टि से लाभ की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चे आज घर के काम में हाथ बटाएंगे। छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे, जिससे वो विदेश जाने का मन बना सकते है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेंगे। रिश्तों में ताल मेल बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जायेंगे। रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आप मित्रों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकते है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका सारा ध्यान आपके काम पर रहेगा , किसी जरूरी काम के सिलसिले में आपको बाहर जाना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष से आज आपको विशेष सूचना प्राप्त होगी। आज आपको पैसों के मामलों में थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है,

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को आज पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, जिससे समाज में आपकी जवाबदेही बढ़ेगी। तकनीकी क्षेत्र में काम कर रहे व्यक्तियों की कार्यकुशलता आज अधिक अच्छी होगी। आज आपको विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होने वाली है। बड़ों के आशीर्वाद से दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा लेकिन फिजूलखर्ची से बचकर रहें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल बना रहेगा। आज आप ऑफिस का माहौल अच्छा रखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढाई और बेतहर ढंग से कर पाएंगे, जिस समस्या को लेकर आप बेहद परेशान थे, आज वो समस्या पूर्ण रूप से ख़त्म हो जाएगी।

# परिवर्तन को समर्थ बनानाः महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

//श्रीमती अन्नपूर्णा देवी//

**सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँचसे होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वनरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चितकरने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी कोव्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।**

हम अक्सर कहते हैंः सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है-ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय नेदेखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए -पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्व कर्ता औरअमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथाआशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वालेउपकरण के रूप में देखता हूँ। इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है।भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्या वस्थाव देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभवबनाते हुए इन केंद्रों कोस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है।

देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पोदन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है ।

10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेलटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों कीनए सिरे से परिकल्पना कर,शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए-पोषण ट्रैकर महत्वापूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है।

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है।

पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथालीकेज कम करनेके लिएएक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यहमंत्रालय पोषण से बढ़कर,महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉशअधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है।

एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा मेंबहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपयेतक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित,शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है।

पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ये लक्षित प्रयास ठोस नतीजे दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एच एम आई एस) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 918 (2014-15)से बढ़कर 930 (2023-24) हो गया है, जिसमें 12 अंकों का शुद्ध सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। मातृ मृत्यु दर 130 प्रति 1000 जन्म (2014-16) से घटकर 97 प्रति 1000 जन्म (2018-20) हो गई है - जो हमारी सरकार के पिछले एक दशक के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है।

प्रत्योक बच्चाो पोषित, सुरक्षित और संरक्षित वातावरण का हकदार है। हाल के वर्षों में, डिजिटल परिवर्तन ने बाल संरक्षण और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत, मंत्रालय ने केयरिंग्सपोर्टल (बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली) के माध्यम से गोद लेने के इकोसिस्टसम को मजबूत किया है। यह डिजिटल इंटरफ़ेस एक अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल गोद लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

डिजिटलीकरण ने बाल देखभाल संस्थानों,पालन-पोषण केंद्रों और जेजे अधिनियम के तहत वैधानिक सहायता संरचनाओं की निगरानी में भी सुधार किया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा विकसित प्लेटफॉर्म बाल अधिकारों के उल्लंघन पर सक्रिय रूप से नज़र रख रहे हैं। इस बीच, मिशन वात्सल्य डैशबोर्ड विभिन्न बाल कल्याण हितधारकों के बीच अभिसरण और समन्वय को मजबूत करता है।

यह नया भारत है - जहाँ शासन प्रौद्योगिकी से मिलता है, और जहाँ नीति उद्देश्य से मिलती है। पिछले दशक में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वीी नेतृत्व में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने न केवल डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है - बल्कि इसका समर्थन भी किया है।

जैसे-जैसे हम अमृत कालमें आगे बढ़ रहे हैं, मंत्रालय प्रत्येक महिला और प्रत्येक बच्चे का राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व करना जारी रखेगा। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ सशक्तिकरण महज नारा भर नहीं है - बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तविकता है।

# लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे ट्रंप

//डॉ. एस.के. मिश्र//

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे हैं। कभी अनाप-शनाप निर्णय के कारण तो कभी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय लेने के कारण। ताजा मामला ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम के एकतरफा ऐलान का है। इस कदम के फलस्वरूप न केवल उनके देश के नागरिकों में गुस्सा है बल्कि उनके सहयोगी देश भी सकते में हैं। यही नहीं ट्रंप ने दवा किया कि दोनों देश शांति के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तृत युद्ध विराम की घोषणा की। आपने दावा किया कि ईरान और इजरायल लगभग एक साथ मेरे पास आए और कहां 'शांति', मुझे पता था कि अब समय आ गया है। विश्व और मध्य पूर्व ही असली विजेता है।' आगे कहा कि 'इजरायल और ईरान का भविष्य असीमित है और महान आशाओं से भरा है दोनों देश अपने भविष्य में जबरदस्त स्नेह, शांति और समृद्धि देखेंगे।

विचारणीय विषय यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया ताकि मध्य पूर्व में चल रहे 12 दिनी युद्ध को अलविदा किया जा सके। कहा गया तब तेहरान ने ईरान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी सीमित प्रक्षेपास्त्र द्वारा प्रहार किया था।

वास्तव में यह अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु स्थलों पर की गई बमबारी का बदला था। यह भी ध्यान रहे कि इजरायल ने भी अभी तक ट्रंप के युद्ध विराम की घोषणा को स्वीकार नहीं किया है। आखिरकार ट्रंप की इस प्रकार की खोखली घोषणाएं देश एवं दुनिया को क्या जाहिर कराना चाहती है। इस तरह ट्रंप अपने मुंह मियां मिट्ठू बनकर अमेरिका की प्रतिष्ठा को भी धूल धूसरित करने में लगे हैं।

दूसरी तरफ, इजरायल ने ईरान पर युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बलपूर्वक जवाब देने की कसम खाई है। ईरान तथा इजरायल के बीच युद्धविराम की बात जिसने 12 दिनों के संघर्ष को रोक कर राहत भले दे दी हो, किंतु अभी भी असमंजस की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। ट्रंप अमेरिका के ही नहीं बल्कि दुनिया के ऐसे पहले राष्ट्र प्रमुख होंगे जिन पर विश्वास करना खतरे से खाली नहीं है।

दुनिया के हर मामले में हस्तक्षेप करके अपनी साख खोते जा रहे हैं। स्मरण रहे कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से ईरान इजरायल युद्ध में शामिल होने के संदर्भ में कहा था 'अमेरिका दो हफ्तों के भीतर इस संघर्ष में शामिल होने का फैसला करेगा, किंतु दो दिन बाद ही अमेरिका के बी-2 बमवर्षकों द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप भू राजनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ने की आशंकाएं बढ़ गई।

ट्रंप की घोषणा के बाद तेल अवीव और तेहरान संघषर्विराम पर सहमत हो गए हैं। बड़ी असमंजस की स्थिति बन चुकी है। एक ओर अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया है वहीं ईरान का कहना है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सामने खड़े होकर मुकाबला करने का जज्बा, जोश और जुनून रखता है और किसी भी हालत में पीछे ने हटने की बात भी करता है। इजरायल बहुत हद तक ईरान को कमजोर एवं खंड-विखंड की बात कहता है।

इस युद्ध में हर देश अपने को एक दूसरे से बड़ा विजेता बनने की बात करता है, किंतु इसकी सत्यता तो समय पर पता लगेगी कि वास्तविक जीत किसकी हुई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर किए गए अपने आक्रमण को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान किसी के द्वारा की गई ज्यादती को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा। हम किसी के आगे नहीं झुकुंगे। यही ईरानी राष्ट्र की सोच है। स्पष्ट कर दूं कि एक दिन पूर्व अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्लांट्स पर हमला किया था, जिसमें फोर्डा परमाणु सुविधा संपन्न केंद्र भी शामिल था।

इसमें अमेरिका ने बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स के द्वारा 14 जीबीयू-57 में सिर्फ ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर गिराए थे। इससे ईरान के परमाणु सुविधा को बड़ी हानि उठानी पड़ी। ट्रंप अपने देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष होंगे जो अपनी अस्थिर सोच, विचार, क्रियाकलाप एवं व्यवहार के रूप में जाने जाएंगे।

नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा रखने वाले अपने पद, प्रतिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को भी दांव में लगाकर दोहरी, दोमुखी एवं दुधारू तलवार से दुनिया को चलाने का जो प्रयास कर रहे हैं, वह बेहद विरोधाभास से भरा हुआ है। जिस स्थिति एवं व्यवहार को अपनाकर वे 'ट्रंप चाल' चल रहे हैं, उससे उनकी जीत कभी भी बड़ी हार में बदल सकती है। बड़ा बनने के लिए एक बड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और स्वयं की बजाय लोगों को साबित करना होता है।

एक ओर आतंकी पाकिस्तान के साथ दोस्ती का डिनर दूसरी ओर ईरान पर हमला तीसरी और जी-7 की बैठक को बीच में छोड़ना, 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय भारत-पाकिस्तान युद्ध में युद्ध विराम का श्रेय खुद लेना और स्वयं पीछे हट जाना कि इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी; आखिर कितना छिछलापन है। यह सर्वविदित सत्य है कि जहां अस्तित्व हेतु संघर्ष बेहद जरूरी है वहां शांति के बिना जीवन का आधार नहीं है। संघर्ष की अवधारणा अत्यंत व्यापक है, जो शांति की इच्छा को प्रोत्साहित करती है। वर्तमान दौर में संघर्ष एवं शांति बेहद महत्त्वपूर्ण समसामयिक चिंता एवं चिंतन का विषय है।

हम सभी शांति, सुरक्षा, सद्भाव, सदाचार, सहयोग, समर्थन, स्नेह, सहानुभूति एवं सार्थक शिक्षा की बात करते हैं, किंतु उन्हें जीवन व्यवहार में अपनाने की बात पर अमल नहीं करते। देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अपना पिट्ठू बनाए रखने की ललक स्वयं एवं विश्व हित में नहीं होती है।

अतः ट्रंप द्वारा स्वयं की शेखी बघारना या डींग हांकना बंद करके मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के प्रति गंभीर रूप से चिंता व चिंतन करें तो इतिहास उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से बड़ा मानवीय हित संरक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगा। जिस तरह की दोहरी सोच वह प्रकट करते हैं, इससे उनके व्यक्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अमेरिका की छवि भी धूल धूसरित होती है। उन्हें जो अभी अपने बेहद खास नजर आ रहे हैं, वो भी कुछ दिनों में पराए हो जाएंगे। काश! उन्हें सदबुद्धि आए और विश्व का कल्याण हो।

## तस्वीरों की दुनिया



वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर भारी बारिश के बाद गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण रत्नेश्वर महादेव मंदिर आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है।



बीकानेर में भारी बारिश के कारण सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज की इमारत का एक हिस्सा ढह गया।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से 20 नई वातानुकूलित यूटीसी मिनी (टेंपो ट्रैवलर) बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें 10 बसें देहरादून-मसूरी रूट पर और 10 बसें हल्द्वानी-नैनीताल रूट पर शामिल हैं।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अंबिकापुर में मां महामाया हवाई पट्टी पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के आगमन पर उनका स्वागत करते हुए।



रायपुर में किसान जवान और संविधान बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का अभिनंदन किया गया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंदर इंद्राज सिंह और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

# ईरानी राष्ट्रपति का बड़ा दावा, कहा- इजरायल ने की थी मेरी हत्या की कोशिश, अमेरिका से की खास अपील



नईदिल्ली, 08 जुलाई [एजेंसी]।

ईरान और इजरायल के बीच हाल ही में हुए 12 दिन के युद्ध के बाद ईरान के राष्ट्रपति मसोउद पेज़ेश्कियन ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन वह असफल रहा। इस बयान ने एक बार फिर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को उजागर कर दिया है। ईरानी राष्ट्रपति मसोउद पेज़ेश्कियन ने अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को दिए इंटरव्यू में दावा किया कि इजरायल ने उनकी हत्या की कोशिश की थी।

उन्होंने बताया कि वह एक मीटिंग में थे, तभी उस इलाके में बमबारी की गई। यह हमला हाल ही में ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान हुआ था। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इस हमले में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने सीधे तौर पर इजरायल को इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराया।13 जून को इजरायल ने ईरान के खिलाफ अभूतपूर्व हमला शुरू किया था, जिसमें कई शीर्ष सैन्य अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर बातचीत शुरू होने वाली थी। इस युद्ध में ईरान के अनुसार 900 से अधिक लोग मारे गए, जबकि इजरायल ने बताया कि 28 लोग उसकी ओर से मारे गए। 24 जून को युद्धविराम लागू किया गया।पेज़ेश्कियन ने कहा कि ईरान फिर से अमेरिका के साथ परमाणु बातचीत शुरू करना चाहता है, लेकिन उसके लिए भरोसे की बहाली जरूरी है। उन्होंने पूछा कि जब बातचीत शुरू हो, तो यह कैसे तय हो कि इजरायल को फिर से हमला करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका ईरान पर से प्रतिबंध हटाता है, तो अमेरिकी निवेशकों का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से अपील की कि वह क्षेत्र को युद्ध की ओर नहीं, बल्कि शांति की ओर ले जाएं।

## अब 9 जुलाई को लागू नहीं होंगे टैरिफ, ट्रंप ने बढ़ाई डेडलाइन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला लेते हुए 9 जुलाई को लागू होने वाले टैरिफ को 1 अगस्त तक टाल दिया है। यह कदम अमेरिका के कई व्यापारिक साझेदार देशों के साथ नए व्यापार समझौते की कोशिश के तहत उठाया गया है। ट्रंप प्रशासन ने साफ किया है कि वे हर देश के लिए अलग व्यापार योजना बना रहे हैं ताकि अमेरिका को सबसे अच्छा सौदा मिल सके। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट ने बताया कि दक्षिण कोरिया और जापान समेत 12 देशों को टैरिफ से जुड़े पत्र भेजे जाएंगे। इन पत्रों में बताया गया है कि 1 अगस्त से दक्षिण कोरिया और जापान से आयात पर 25 प्रतिशत टैक्स लगेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रंप ने साउथ कोरिया और जापान के नेताओं को लिखे पत्र में कहा कि यह 25 प्रतिशत टैक्स उस व्यापार घाटे को पूरी तरह खत्म नहीं करता जो अमेरिका इन देशों के साथ झेल रहा है।

# 12 देशों में जून रहा अब तक का सबसे गर्म महीना, अफ्रीका-एशिया और यूरोप में चपेट में आए 790 मिलियन लोग



नईदिल्ली, 08 जुलाई [एजेंसी]।

पूरी दुनिया इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। जून 2025 का महीना 12 देशों के लिए अब तक का सबसे गर्म महीना रहा, जबकि 26 अन्य देशों में भी रिकॉर्ड स्तर की गर्मी दर्ज की गई। यूरोप, एशिया और अफ्रीका के लगभग 790 मिलियन लोग इस खतरनाक गर्मी से प्रभावित हुए। यूरोपीय जलवायु मॉनिटर 'कोपर्निकस' के आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ती गर्मी जलवायु परिवर्तन का सीधा संकेत है। पश्चिमी और दक्षिणी यूरोप में जून के अंत में पड़ी लू ने बेल्जियम, फ्रांस और नीदरलैंड जैसे देशों को बुरी तरह झुलसा दिया। स्विट्जरलैंड, इटली और सभी बाल्कन देशों में तापमान जून के औसत से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

जापान में 1898 से रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से सबसे गर्म जून रहा। 14 शहरों में रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज हुआ। समुद्री तापमान भी सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा रहा।दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया दोनों में औसत से 2 डिग्री ज्यादा तापमान दर्ज हुआ।

चीन में 102 मौसम केंद्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों का सबसे गर्म जून दर्ज किया। कई जगह 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान गया।

पाकिस्तान और ताजिकिस्तान में जून का महीना इतिहास का सबसे गर्म रहा। अफगानिस्तान, ईरान, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान में अप्रैल से जून के बीच सबसे गर्म वसंत दर्ज हुआ। नाइजीरिया, दक्षिण सूडान, कांगो और इथियोपिया में भीषण गर्मी दर्ज की गई। दक्षिण सूडान में 2.1 डिग्री की असामान्य बढ़त दर्ज हुई। गर्मी के कारण छात्रों के बेहोश होने पर स्कूल बंद कर दिए गए। संयुक्त राष्ट्र की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने चेताया कि जलवायु परिवर्तन से अफ्रीका में भूख, सुरक्षा और विस्थापन की समस्याएं और गहरी हो रही हैं।

# भैरों मार्ग अंडरपास के एक हिस्से में बड़े वाहनों की नो एंट्री, यमुना का पानी घुसने से काम में आई दिक्कतें

नईदिल्ली, 08 जुलाई [एजेंसी]।

भैरों मार्ग अंडरपास के एक भाग का उपयोग बड़े वाहनों के लिए नहीं हो सकेगा। मथुरा रोड से आकर रिंग रोड पर सराय काले खां की ओर जाने वाले बड़े वाहन इसका उपयोग नहीं कर सकेंगे।दरसअल 2023 में आ चुकी यमुना की बाढ़ का पानी इसमें घुस जाने से आ चुकी तकनीकी अड़चन के कारण अंडरपास की चौड़ाई और ऊंचाई घटाई जाएगी। दिल्ली सरकार ने इस अंडरपास के लिए फंड देने वाले केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय को इस बारे में पत्र भेजा है। दिल्ली सरकार केंद्र की अनुमति का इंतजार कर रही है। जिस भैरों मार्ग, रिंग रोड टी-प्वाइंट पर इस अंडरपास का निर्माण हो रहा है। इसके ऊपर से प्रमुख रेलवे लाइनें गुजर रही हैं।इसके चलते दिन भर इस पर ट्रेनों का आवागमन रहता है। इसका काम भी जून 2022 तक पूरा किया जाना था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रगति मैदान सुरंग सड़क सहित पांच अंडरपास के साथ इसका भी उद्घाटन किया जाना था। मगर यह हीला- हवाली और रेलवे से काम करने की अनुमति के लिए समय कम मिलने से 2023 में भी पूरी तरह नहीं बन सका। जुलाई 2023 में यमुना में आई बाढ़ का पानी इसके अंदर भर गया। उस समय तक इस अंडरपास की एक तरफ की सड़क तैयार हो चुकी थी। जिस बॉक्स पुशिंग तकनीक से इसका निमार्ण किया जा रहा था, बाढ़ से उसके कई बॉक्स जमीन में धंस गए। 110 मीटर लंबाई में से अब केवल 28 मीटर का काम शेष है। उसके बाद से काम ठप है।

# राम मंदिर की प्रतिकृति से लेकर मधुबनी कला तक, पीएम मोदी ने पांच देशों की यात्रा के दौरान क्या-क्या गिफ्ट किया



नईदिल्ली, 08 जुलाई [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पांच देशों की यात्रा के दौरान जिन देशों के प्रमुखों से मुलाकात की, उन्हें भारत की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े अनमोल तोहफे भेंट किए। ये तोहफे न केवल भारत की समृद्ध कला और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाते हैं, बल्कि वैश्विक कूटनीति में सांस्कृतिक आदान-प्रदान की अहमियत को भी दिखाते हैं। अर्जेंटीना और त्रिनिडाड एंड टोबैगो जैसे देशों को भेंट किए गए ये उपहार भारत की लोक कला, शिल्पकला और धार्मिक विरासत के प्रतीक हैं।

इन उपहारों के माध्यम से भारत की सभ्यता की गहराई और साझा मूल्यों पर भी जोर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को राजस्थान की प्रसिद्ध धातु कला का प्रतीक, हाथ से नक्काशी किया गया एक चांदी का शेर भेंट किया। यह शेर एक फुचसाइट पत्थर के आधार पर रखा गया था, जिसे हीलिंग और सहनशीलता का पत्थर कहा जाता है। यह उपहार न केवल बहादुरी और नेतृत्व का प्रतीक है, बल्कि भारत की खनिज संपदा और कारीगरी का भी परिचय देता है। शेर की बारीक नक्काशी और पत्थर की चमक, दोनों मिलकर यह दर्शाते हैं कि भारत की परंपरा में सुंदरता और ताकत का अद्भुत मेल है। अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति को बिहार के मिथिला क्षेत्र की मधुबनी चित्रकला भेंट की गई, जिसमें सूर्य को दर्शाया गया था। यह चित्र पारंपरिक रंगों और मोटिफ्स से सजा हुआ था, जो इस लोक कला की खासियत है। सूर्य भारतीय संस्कृति में ऊर्जा और जीवन का प्रतीक माना जाता है।

मधुबनी कला का यह चित्र न केवल एक सौंदर्यपूर्ण उपहार था, बल्कि इसे शुभ और समृद्धि लाने वाला भी माना जाता है। यह भेंट भारत की हजारों साल पुरानी कला परंपरा की जीवंत झलक पेश करती है। त्रिनिडाड एंड टोबैगो के प्रधानमंत्री को पीएम मोदी ने दो विशेष आध्यात्मिक भेंट दीं। पहली थी सरयू नदी का पवित्र जल से भरा हुआ एक धातु कलश, जो हिंदू परंपरा में पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक है। सरयू नदी को पापों को धोने और शांति देने वाली माना जाता है। दूसरी भेंट थी अयोध्या राम मंदिर की शुद्ध चांदी की प्रतिकृति, जिसे उत्तर प्रदेश के कारीगरों ने बनाया। यह मॉडल भारत की मंदिर कला और वास्तुशिल्प की बारीकियों को दर्शाता है और धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक भी है।

# प्रेमिका के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़ाया दफादार का बेटा... जमकर चला भाला-तलवार, मारपीट में 13 घायल



मधेपुरा , 08 जुलाई [एजेंसी]।

सिंहेश्वर लालपुर सरोपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या में दो स्थित केला बगान में सोमवार की शाम दफादार मो. नजीर खां का बेटा अपनी प्रेमिका के साथ रंगरेलियां मनाने पहुंचा। इस बीच घात लगाए लड़की के चाचा ने दोनों को पकड़ कर कमरे में बंद कर दिया। कमरे में बंद कर दफादार पुत्र नावेद खां (21) की लड़की के स्वजन ने जमकर पिटाई कर दी। इस बीच ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और विरोध करने पर पहुंचे आरोपित लड़के के स्वजन पर दूसरे पक्ष के लोग लाड़ी-डंडा, भाला, तलवार आदि लेकर टूट पड़े। इसमें दफादार पक्ष के 10 लोग और दूसरे पक्ष के तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया और घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया है।घायलों में दफादार मो. नजीर खां के स्वजन मो. अबुल खां, मो. शहीद खां, मो. अब्बास खां, इरशाद खां, मो. शालिम खां, मो. शब्बीर खां आदि घायल हैं। जबकि दूसरे पक्ष के मो. जलील, मो. नबीब व मो. सादिक घायल हुए हैं।बताया गया कि सोमवार शाम को ही मारपीट की घटना से पूर्व पुलिस की उपस्थिति में पंचायत की जा रही थी। पंचायत में लड़का-लड़की को भी बिठाया गया था। पंचायत में दोनों की शादी कराने की बात कही गई लेकिन आरोपित को जुर्माना भी लगाया गया जिसे लेकर बवाल शुरू हुआ और जमकर मारपीट हुई।इधर, ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पूर्व प्रेमिका के साथ दफादार पुत्र भाग गया था। जिसे लेकर अपहरण का केस दर्ज कराया गया था। कुछ दिनों दिल्ली में रहने के बाद लड़का-लड़की कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इसके बाद से ही गांव में दोनों पक्षों के बीच माहौल तनावपूर्ण बना रहा।वहीं मौके पर पहुंचे सिंहेश्वर थाना के एसआइ केडी यादव ने बताया कि लड़का-लड़की को थाना लाया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले से वरीय अधिकारी को अवगत कराया गया है।

# समस्तीपुर में 10 करोड़ लूट मामले में 3 किलो सोना के साथ 13 गिरफ्तार

## दो देसी पिस्टल और छह कारतूस भी बरामद




पटना, 08 जुलाई [एजेंसी]।

समस्तीपुर में इसी साल मई में नगर थाना क्षेत्र के बैंक आफ महाराष्ट से करीब दस करोड़ रुपये मूल्य के सोना और नकदी लूट मामले का खुलासा हो गया है। बिहार एसटीएफ और समस्तीपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बिहार के वैशाली व समस्तीपुर और उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में छपेमारी कर तीन महिला समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। लूट का करीब तीन किलो सोना भी बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा अपराधियों के पास से दो देसी पिस्टल और छह कारतूस भी बरामद हुए हैं। एसटीएफ के एडीजी कुंदन कृष्णन ने कार्रवाई की पुष्टि की है।इस मामले में जिन अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें वैशाली का रविश कुमार, करमवीर कुमार, बिट्टू कुमार, दीपक साह, हरिश्चन्द्र राय, समस्तीपुर का रंधीर कुमार, दीपक कुमार, अनुराधा देवी, फूलपरी देवी, रमेश झा, अभिषेक कुमार गुप्ता, अखिलेश राय उर्फ गोलू यादव और सविता देवी शामिल हैं। एसटीएफ के अनुसार, सोने लूट की साजिश अपराधियों ने बैंक के सहयोगी कर्मियों की मदद से की थी। सोने की गुणवत्ता जांचने वाले चेकर अभिषेक गुप्ता और लोन एजेंट रमेश झा ने इसमें लाइनर की भूमिका निभाई थी। गोल्ड लोन देने के बदले बैंक आफ महाराष्ट्र ने ग्राहकों द्वारा जमा किये जाने वाले सोने की शुद्धता की जांच के लिए अभिषेक गुप्ता की चेकर के रूप में प्रतिनियुक्ति की थी।उसने ही लोन एजेंट रमेश झा की मदद से बैंक के अंदर रखे आभूषण व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी अपराधकर्मियों तक पहुंचाई। पुलिस के मुताबिक अपराधियों ने कुल 9.75 किग्रा सोना और 15 लाख रुपये नकदी की लूट की थी। एसटीएफ के अनुसार सोना लूट मामले में गिरफ्तार आरोपितों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। रवीश कुमार के खिलाफ वैशाली, समस्तीपुर और पश्चिम बंगाल के राणाघाट थाना में लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल नौ कांड दर्ज हैं।

इसके अलावा कर्मवीर उर्फ धर्मवीर के विरुद्ध 14 कांड, रंधीर कुमार के विरुद्ध आठ कांड, दीपक कुमार उर्फ मुंशी के खिलाफ आठ कांड, अखिलेश राय उर्फ गोलू यादव के खिलाफ 21 कांड दर्ज हैं।

## शिखर सम्मेलन पर ट्रंप का कड़ा रुख, एंटी-अमेरिकन नीतियों पर दी चेतावनी, कहा- लगेगा 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ

**वाशिंगटन।** ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 6-7 जुलाई को आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि ब्रिक्स समूह अमेरिका के हितों को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है, और वे ऐसा नहीं होने देंगे। व्हाइट हाउस ने सोमवार को पुष्टि की कि ट्रंप ब्रिक्स देशों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं और अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह के फैसले पर सख्त कदम उठाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बताया कि ट्रंप को लगता है कि ब्रिक्स अमेरिका के हितों के खिलाफ काम कर रहा है। इसलिए उन्होंने सभी संभावित कदम उठाने का संकल्प लिया है ताकि कोई भी देश अमेरिका और इसके नागरिकों का फायदा न उठा सके। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, जो भी देश ब्रिक्स की एंटी-अमेरिकन नीतियों के साथ खड़ा होगा, उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। कोई अपवाद नहीं होगा। ब्रिक्स सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और इंडोनेशिया जैसे नए सदस्य भी शामिल हुए।

## कोलकाता में दादा का करोड़ों का साम्राज्य आज भी कई ब्रांड की पहली पसंद



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली आज 53 साल के हो गए हैं। दादा धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिबेट कर रहे हैं। इस दौरान साथी खिलाड़ी से लेकर फैंस उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। जनवरी 1992 को इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले गांगुली का जन्म 08 जुलाई, 1972 को कोलकाता में हुआ था। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने अपने करियर में 113 टेस्ट और 311 वनडे मैच खेले। कोलकाता में रहने वाले दादा बेहद ही लग्जरी लाइफ जीते हैं। जन्मदिन पर आइए दादा की नेटवर्थ जानते हैं। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष क्रिकेट मैचों के अलावा ब्रांड डील, आईपीएल, कोचिंग और अन्य निवेशों के जरिए पैसा कमाया है।गांगुली की कुल नेट वर्थ करीब 700 करोड़ होने का अनुमान है। लंदन, कोलकाता और भारत के अन्य शहरों में उनकी कई संपत्तियां हैं। दादा अपने पांच साल के आईपीएल करियर में कोलकाता नाइट राइडर्स और पुणे वॉरियर्स इंडिया का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस लीग में खेलते हुए लगभग 16.79 करोड़ रुपये कमाए हैं। भले ही पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कई साल पहले इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन वे कई ब्रांड्स के लिए पहली पसंद बने हुए हैं। वर्तमान में दादा कई जाने-माने ब्रांड्स का प्रचार करते हैं। इनमें MyCircle11, बंधन बैंक, डाबर च्यवनप्राश, कोका-कोला की किनले और मैनकाइंड फार्मा आदि शामिल है। गांगुली कोलकाता में एक आलीशान घर में रहते हैं। इसकी कीमत करीब 7 करोड़ है। उनके पास लंदन में एक आलीशान 2BHK अपार्टमेंट भी है।

## दिल्ली पुलिस ने की घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 18 बांग्लादेशी सहित 29 विदेशी नागरिक भेजे गए डिपोर्टेशन सेंटर

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ दिल्ली पुलिस का अभियान लगातार जारी है। जून महीने में द्वारका जिला पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध रुप से रहने वाले 29 विदेशी नागरिकों को पकड़ा और उन्हें डिपोर्टेशन के लिए भेजा। पकड़े गए इन विदेशी नागरिकों में 18 बांग्लादेश, चार आईवरी कोस्ट , तीन नाइजीरिया, दो लाइबेरिया, एक तंजानिया और एक बेनिन का नागरिक शामिल है।द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई द्वारका जिले की विभिन्न इकाइयों द्वारा की गई है। स्पेशल स्टाफ ने 11, डाबरी थाना ने सात, एंटी नारकोटिक्स सेल ने छह, मोहन गार्डन थाना ने तीन, एएटीएस ने एक और उत्तम नगर थाना ने एक अवैध विदेशी नागरिक को पकड़ा।इन टीमों ने उन विदेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जो बिना वैध वीजा के भारत में निर्धारित अवधि से अधिक समय से रह रहे थे या अवैध रूप से प्रवेश कर गए थे और द्वारका जिले के क्षेत्र में रह रहे थे या घूम रहे थे। बांग्लादेश के जिन नागरिकों को पकड़ा गया है उनमें छह बच्चे भी हैं, जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम है।ये सभी बांग्लादेश के कुरिग्राम जिला के मूल निवासी हैं। अवैध रूप से रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके डिपोर्टेशन का आदेश दिया। इसके बाद, उन्हें डिपोर्टेशन सेंटर भेज दिया गया है।

# तांत्रिक के कहने पर 5 लोगों को जिंदा जलाया... 40 हजार भाड़ा देकर ट्रैक्टर से ले गए लाश

पूर्णिया, 08 जुलाई [एजेंसी]।

पूर्णिया पूर्व इलाके के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा आदिवासी टोला में रविवार की देर रात्रि डायन के आरोप में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला कर मार देने की घटना में पुलिस की जांच तेज हो गई है। लगातर छनकर नयी बातें भी सामने आ रही है। पुलिस ने जिस नकुल उरांव को गिरफ्तार किया है, उसने 40 हजार किराया देकर पांचों शव को ठिकाना लगाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली किराये पर मंगाया था। घटना के पीछे एक तांत्रिक ने जहर का काम किया है। तांत्रिक के कहने पर ग्रामीणों ने 70 वर्षीय कातो देवी को डायन मान लिया था और इसी आक्रोश में उसके परिवार के पांच सदस्यों को जिंदा जलाकर मार डाला था। आधा दर्जन थानों की पुलिस व दो डीएसपी की अगुवाई में श्वान दस्ते की मदद से शवों को बरामद किया था।बताया जाता है कि गांव के ही मिट्टी माफिया नकुल उरांव ने अपने सहयोगी मु सनाउल्ला से 40 हजार में ट्रैक्टर भाड़े पर मंगवा कर उसी ट्रैक्टर पर पांचो अधजले शव को लोड कर लगभग एक किलोमीटर दूर एक ईंट भट्ठे के समीप एक पोखर के पास जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसे दफना दिया था। इसके बाद टेटगामा गांव के लोग फरार हो गए।पूरा गांव वीरान पड़ा है। मृतक बाबूलाल उरांव का पुत्र व चश्मदीद सोनू कुमार को पुलिस ने हर जानकारी ली है और उस दिशा में कार्रवाई भी हो रही है। उन्होंने बताया



कि लगभग 50 से 60 लोग जो गांव के ही थे वह सब अचानक घर में घुसकर मेरे पिता, माता, दादी, भैया और भाभी को बांधकर पीटते हुए घसीटकर लेकर चला गया।जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित पटेगामा आदिवासी टोला में अंधविश्वास में पांच लोगों को जिंदा जलाकर मारने की घटना ने हर किसी को दहला दिया है। यह इसलिए भी पूर्णिया के इतिहास में अंधविश्वास की यह सबसे क्रुर घटना है। इस घटना ने लोगों के जेहन में कथाशिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु के समय के समाज को जिंदा कर दिया है। रेणु की रचनाओं में यह दिखाया गया है कि यहां का समाज किस तरह भूत-प्रेत, डायन जैसे अंधविश्वास को जी रहा था। रेणु के किसी रचना में ऐसी किसी बड़ी घटना का कहीं चर्चा नहीं है। एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा मारने की यह कलंक कथा उस पूर्णिया के समझ पर सवाल है, जो अब हवाई उड़ान भरने की दहलीज पर है।रेणु की रचनाओं में जी रहा निरक्षर गांव अभी भी पूर्णिया में है। चंद फीसद साक्षरता अभी के लिए बड़ा सवाल है। पूरा का पूरा गांव अंधविश्वास में डूबा हुआ है। पूर्णिया में डायन कह दो लोगों की एक साथ हत्या की घटना पूर्व में हुई है। इसके अलावा प्रताड़ना की घटनाएं भी सामने आती रही है, लेकिन पांच लोगों को एक साथ जिंदा फूंक देने की यह पहली घटना है।खासकर शहर के समीप ही घटी इस घटना की गूंज दूर-दूर तक पहुंची है। पूर्णिया के प्रति दूसरे जिलों का नजरिया बदलने का बड़ा खतरा भी है। इस गांव में लोग खाने भर कमाने को ही जीवन समझ रखा है। बच्चे विद्यालय नहीं जाते हैं, इससे अभिभावकों को भी एतराज नहीं है। आसपास के गांव की स्थिति ऐसी नहीं है। कई गांव ने उंची छलांग भी भरी है। पूर्णिया। पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या मामले में सांसद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने घटना को बेहद शर्मनाक बताया है। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आदिवासी परिवार के पांच लोगों के मारे जाने की घटना को शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा यह पूर्णिया के माथे पर लगा कलंक है। उन्होंने कहा कि घटना से वे स्तब्ध हैं और शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र से बाहर हूं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया मंगल पर पहुंच गई है और लोग डायन के नाम पर नरसंहार कर रहे हैं। पूर्णिया पूर्व प्रखंड के रजीगंज पंचायत के टेटगामा में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की निर्मम हत्या पर समाजसेवी जितेंद्र यादव ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डायन के आरोप में जिंदा जला कर पांच की हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना पाकर समाजसेवी जितेंद्र यादव ने टेटगामा पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दिया।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही वीभत्स एवं दुखद घटना है जो पूरे समाज को शर्मसार करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि काफी पीड़ादायक और निंदनीय घटना है। इस जघन्य घटना की कठोर शब्दों में निंदा होनी चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय मिलनी चाहिए। घटना के असली कारणों की जानकारी ली जा रही है। जितेंद्र यादव ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से भी बातचीत की और घटना की जानकारी लिया। उन्होंने आईजी, पूर्णिय, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से घटना की जांच कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।जिला मुख्यालय से महज दस किलोमीटर की दूरी पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र का टेटगामा आदिवासी टोला मौजूद है। कुल 40 परिवारों के इस गांव में तीस परिवार आदिवासियों का है। दस अन्य जाति के परिवार रहते हैं, लेकिन जीवनशैली एक जैसी ही है। गांव में शिक्षा की घोर कमी है। शिक्षा का फीसद दस फीसद भी नहीं है।

# श्रावण मास में पूजा अर्चना से होगी महादेव की भक्ति, खानपान का रखें ध्यान

**सावन हिंदू पंचांग का एक पवित्र महीना है, जिसे श्रावण भी कहते हैं। यह महीना भगवान शिव को समर्पित होता है, जिसके हर सोमवार को लोग उपवास रखते हैं। इस दौरान भोले बाबा और माता पार्वती की पूजा करने से उनका आशीर्वाद मिलता है और सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस साल सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को समाप्त होगा। अगर आप भी सावन के सोमवार का व्रत करते हैं तो ये व्यंजन खाएं।**







कुट्टू के आटे का चीला

कुट्टू के आटे के चीले की रेसिपी की शुरुआत करने के लिए एक कटोरे में जीरा, कुट्टू का आटा, हरी मिर्च, सेंधा नमक और पानी मिलाएं। एक पैन पर घी डालें और तैयार बैटर को चिमचे की मदद से फैलाएं। जब चीला तैयार हो जाए तो उसपर घिसा हुआ पनीर, सेंधा नमक और अदरक डालकर परोसें। इसके साथ आप इमली की चटनी खा सकते हैं, जिसे इमली, पानी, अदरक का पाउडर, लाल मिर्च और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है।

पनीर की व्रत वाली सब्जी

आप व्रत करते समय भी पनीर की सब्जी खा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें जीरा डालकर भून लें। इसके बाद इसमें अदरक डालकर पका लें। मुट्ठीभर काजू लेकर उन्हें गर्म पानी में भिगोएं और फिर पीसकर उनका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को कढ़ाई में डालकर पकाएं। इसमें ताजी मलाई, काली मिर्च का पाउडर, सेंधा नमक, गर्म दूध और पनीर के टुकड़े डालकर पकाएं और परोसें।

सिंघाड़े के आटे का हलवा

अगर आप उपवास करते समय कुछ मीठा खाना चाहते हैं तो एक बार सिंघाड़े के आटे का हलवा बनाकर देखें। इसके लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में घी डालें और उसमें सिंघाड़े का आटा डालकर भून लें। इसे तब तक भूनें जब तक इसका रंग हल्का भूरा न हो जाए। अब इसमें दूध और चीनी डालकर धीमी आंच पर पकने दें। जब हलवा गाढ़ा होने लगे तब उसमें इलायची पाउडर डालकर गर्मा-गर्म परोस लें।

कुट्टू के आटे के समोसे

सबसे पहले एक कटोरे में कुट्टू का आटा, देसी घी और सेंधा नमक मिलाएं। इसके बाद इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सख्त आटा गूंथ लें। अब एक कटोरे में उबले हुए आलू, सेंधा नमक, हरी मिर्च, काली मिर्च पाउडर, धनिया और पनीर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। आटे को समोसे का आकार देकर उसमें आलू वाला मिश्रण भरें। कढ़ाई में तेल गर्म करके सभी समोसे तलें और उन्हें व्रत वाली चटनी के साथ परोसें।

अरबी की सब्जी

अरबी की व्रत वाली सब्जी बनाने के लिए पहले अरबी को छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद 2 मध्यम आकार के टमाटर लेकर उन्हें कद्दूकस कर लें। एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें जीरा, टमाटर, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, धनिया पाउडर और सेंधा नमक डालकर भून लें। जब मसाला अच्छी तरह भुन जाए तब इसमें कटी हुई अरबी मिलाएं और अच्छी तरह पक जाने दें। ऊपर से धनिया पत्ती डालकर परोसें।



## जेन्मा नचतिरम का सफर मेरी जिंदगी का खूबसूरत चैप्टर : मालवी मल्होत्रा

एक्ट्रेस मालवी मल्होत्रा अपनी नई फिल्म जेन्मा नचतिरम के साथ हॉरर-थ्रिलर फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने जा रही हैं। एक्ट्रेस मालवी ने हाल ही में बताया कि आखिर यह फिल्म उनके लिए इतनी खास क्यों है? उन्होंने इस फिल्म के सफर को अपनी जिंदगी का खास चैप्टर करार दिया।मालवी ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। हमेशा की तरह, मैंने इसमें बहुत मेहनत की है और अपने प्रदर्शन में पूरी कोशिश की है। भगवान की कृपा से यह एक शानदार महिला-केंद्रित फिल्म है और मुझे इसमें मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला है, इसके लिए मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। उन्होंने आगे कहा, यह एक रोचक हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसमें प्यार की कहानी भी है। मैं कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती। बस इतना कह सकती हूं कि जब यह फिल्म जल्दी ही सिनेमा हॉल में आएगी, तो हर कोई इसे देखकर एन्जॉय करेगा। मैं अपने निर्देशक बी. मणिवर्मन की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इस फिल्म में मौका दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं और फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। तमिल फिल्म जेन्मा नचतिरम में मालवी मल्होत्रा के अलावा, तमन आकाश, मैत्रेय, रक्षा चेरिन, शिवम, अरुण कार्थी, काली वेंकट, मुनीशकांत, वेलारामामूर्ति, थलाइवासल विजय, संथाना भारती, बॉयज़ राजन, नकालिते निवेदिता और यासर भी मुख्य भूमिका में हैं।यह थ्रिलर फिल्म सुभाषिनी के. ने अमोहम स्टूडियो और व्हाइट लैंप पिक्चर्स के साथ मिलकर बनाई है। इस फिल्म का निर्देशन बी. मणिवर्मन ने किया है। 5 जून को फिल्म के निर्माता ने सोशल मीडिया पर इसका टीजर रिलीज किया, जिसकी शुरुआत एक लाइन से होती है, जहरीले पौधों को बढ़ने के लिए सबसे साफ पानी की जरूरत होती है।फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक मणिवर्मन ने कहा, जैसे पुराने समय की मशहूर हॉरर थ्रिलर फिल्में लोगों के बीच चर्चा का विषय बनती थीं, हमारी फिल्म जेन्मा नचतिरम भी ऐसी ही होगी। हालांकि, इस फिल्म का नाम पुरानी हॉरर फिल्म से प्रेरित है, लेकिन यह पूरी तरह से एक नई कहानी है। दर्शक थिएटर में फिल्म देखकर डर को महसूस करेंगे।

## बॉक्स ऑफिस पर सितारे जमीन पर ने फिर पकड़ी रफ्तार

आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म सितारे जमीन पर पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। उनकी इस स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक देते ही टिकट खिड़की पर कब्जा कर लिया है। डाउन सिंड्रोम पर आधिारित इस फिल्म का कहानी पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे है, जिसका असर इसकी कमाई पर दिख रहा है।

## मांसाहारियों की तुलना में शाकाहारियों को होती है सफल होने की ज्यादा इच्छा, अध्ययन में खुलासा



हमारी खान-पान की आदतें हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती हैं, मूड को बेहतर बनाती हैं और यहां तक कि वजन को भी नियंत्रित रखती हैं। हालांकि, किसी ने नहीं सोचा होगा कि भोजन और सफलता का भी कोई संबंध हो सकता है। सफल होना तो हर कोई चाहता है। हालांकि, एक नए अध्ययन में कहा गया है कि शाकाहारी लोगों को मांसाहारियों की तुलना में ज्यादा ताकत और सफलता चाहिए होती है।

अमेरिका और पोलैंड में हुआ यह अध्ययन

यह अध्ययन अमेरिका और पोलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है, जिसे पीएलओएस वन पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। इसका नेतृत्व पोलैंड के एसडब्ल्यूपीएस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जॉन नेजलेक ने किया है। इससे पता चला है कि शाकाहारी लोग मांसाहारी लोगों की तुलना में सत्ता और उपलब्धियों के ज्यादा लालची होते हैं। इस शोध के नतीजे शाकाहारियों की छवि को उलटने का काम कर रहे हैं और उससे विपरीत साक्ष्य दे रहे हैं।

3,700 प्रतिभागियों की मदद से पूरा हुआ अध्ययन

इस शोध के लिए 3 अलग-अलग अध्ययन किए गए थे, जिनमें 3,700 से अधिक वयस्कों की जांच की गई थी। इनमें से एक अध्ययन अमेरिका में हुआ था, वहीं 2 पोलैंड में किए गए थे। अमेरिकी अध्ययन में 514 शाकाहारी और 540 मांसाहारी लोग शामिल थे। पोलिश वाले पहले अध्ययन में 636 प्रतिभागी थे, जिनमें से लगभग 47 प्रतिशत शाकाहारी थे। वहीं, दूसरे अध्ययन में 2,102 प्रतिभागी थे, जिनमें से लगभग 3.4 प्रतिशत शाकाहारी थे।

प्रतिभागियों से सवाल-जवाब कर किया गया शोध

प्रतिभागियों से एक मनोवैज्ञानिक ढांचे का उपयोग करते हुए उनके बुनियादी मानवीय मूल्यों से जुड़े सवाल पूछे गए थे। यह मानव व्यवहार को संचालित करने वाले 10 प्रमुख मूल्यों को मापता है, जिसमें लोगों और प्रकृति की देखभाल से लेकर दूसरों पर नियंत्रण की इच्छा तक शामिल है। अधिकांश मूल्यों के लिए तीनों अध्ययनों में नतीजे काफी हद तक एक जैसे थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने इसके दौरान कुछ सांस्कृतिक अंतर भी पाए।

क्या रहे इस अध्ययन के नतीजे?

मांसाहारी लोगों की तुलना में शाकाहारियों ने परोपकार, सुरक्षा (स्थिरता और सुरक्षा की इच्छा) और अनुरूपता (सामाजिक मानदंडों का पालन करना) जैसे मूल्यों पर कम अंक प्राप्त किए। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह थी कि शाकाहारियों का शक्ति और उपलब्धि के साथ गहरा संबंध पाया गया था। सभी अध्ययनों में शाकाहारियों ने इन मूल्यों को मांसाहारी लोगों की तुलना में ज्यादा अहम माना। अध्ययन में कहा गया, शाकाहारी मांस खाने वालों की तुलना में अधिक मर्दाना होते हैं।

भारत के लोगों के लिए उपयुक्त नहीं हैं इस अध्ययन के नतीजे

मर्दाना से शोधकर्ताओं का मतलब था कि वे ताकत और सफलता जैसे मूल्यों को ज्यादा महत्व देते हैं, जो पारंपरिक मर्दाना गुणों में गिने जाते हैं। शाकाहारियों को अनुरूपता की बहुत कम चिंता थी, जो दूसरों को परेशान करने या सामाजिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाला मूल्य है। यह नतीजे उन देशों के लिए उपयुक्त हैं, जिनमें शाकाहारी अल्पसंख्यक बने हुए हैं। इसके नतीजे भारत के लोगों के लिए सही नहीं हैं, क्योंकि यहां ज्यादातर लोग शाकाहारी हैं।

पश्चिम देशों के शाकाहारी लोग परंपराओं को नहीं देते महत्व

अध्ययन से यह भी सामने आया कि पश्चिमी देशों के शाकाहारी लोग परंपराओं को कम महत्व देते हैं। उनके मन में संस्कृति या धर्म द्वारा दिए गए रीति-रिवाजों और विचारों के प्रति सम्मान नहीं था।



## येलो प्रिंटेड मिनी ड्रेस में मोनालिसा का चिल मोड ऑन, खूबसूरत वादियों के बीच शेयर कीं तस्वीरें

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक से सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वो येलो एंड व्हाइट प्रिंटेड मिनी ड्रेस में नजर आ रही हैं. खुले बाल, मिनिमल मेकअप और बैकग्राउंड में नेचुरल हरियाली के बीच मोनालिसा का यह लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है. मोनालिसा ने इस पोस्ट में लिखा, अपनी आत्मा को खुश करने के लिए समय निकालें और वाकई उनके चेहरे की स्माइल और सुकून इस कैप्शन को परफेक्टली जस्टिफाई कर रही है. उनकी यह ड्रेस ब्रांड आशीरा फलती-फूलती रहो की है, जिसे उन्होंने खासतौर पर इस आउटडोर शूट के लिए चुना.

तस्वीरों में मोनालिसा नदी के किनारे बने रिज़ॉर्ट के बालकनी में खड़ी नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर संतुष्टि और शांति की झलक साफ दिखाई दे रही है. उनका ये फ्रेश और ब्राइट लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बन चुका है. पोस्ट पर अब तक हजारों लाइक्स और सैकड़ों कमेंट्स आ चुके हैं, जहां फैन्स उन्हें सनशाइन क्वीन, स्ट्रॉन्ग एंड स्टनिंग और क्वीन ऑफ सोशल मीडिया जैसे टैग्स दे रहे हैं. मोनालिसा की यह तस्वीरें ना सिर्फ फैशन स्टेटमेंट हैं बल्कि एक पॉजिटिव और सुकून देने वाला मैसेज भी देती हैं ङ्क खुद के लिए वक्त निकालना जरूरी है.

## शब्द सामर्थ्य -102

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## बॉक्स ऑफिस पर काजोल की मां की कमाई में मामूली बढ़त

काजोल की पौराणिक हॉरर फिल्म मां को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 9 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर रही है। पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। हालांकि, 9वें दिन फिल्म मां के कारोबार में मामूली बढ़त देखने को मिली है। आइए जानें फिल्म ने अब तक कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म मां ने अपनी रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 1.75 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 27.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। फिल्म मां के निर्देशन की कमान विशाल फुरिया ने संभाली है, जिन्हें नुसरत भरूचा की हॉरर फिल्म छोरी और छोरी 2 के लिए जाना जाता है। अजय देवगन इस फिल्म के सह-निर्माता हैं।

# जलभराव की समस्या हल करने प्रयास

## जिलाधीश ने नगरीय निकायों को कहा-लगातार करे निगरानी



**कोरिया बैकुंठपुर।** लगातार हो रही बारिश के कारण कोरिया जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी स्वयं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और अधिकारियों को त्वरित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दे रही हैं।

शिवपुर-चरचा नगर पालिक परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3, 5 एवं 9 में नालियों की सफाई कराई गई है। विशेष रूप से वार्ड 3 में नाली जाम होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही थी, जिसे सफाई कर्मियों द्वारा हटाए जाने के बाद जल निकासी प्रारंभ हो गई है। बैकुंठपुर क्षेत्र में प्रतीक्षा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स में छत, गैलरी और सीढ़ियों पर रखे गए कबाड़ के कारण कई दुकानों में पानी टपकने और विद्युत उपकरणों के खराब होने की शिकायतें मिल रही थीं। नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सारा कबाड़ हटा दिया गया है। नगर पंचायत पटना क्षेत्र में कन्या छात्रावास में जलभराव की स्थिति बनी थी, जिसे तत्काल प्रभाव से साफ कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि जलभराव की सूचना मिलते ही तत्काल पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कचरा न फेंकें, जिससे जल निकासी में बाधा उत्पन्न न हो।

### मैनपाट में भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित मैनपाट में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों और विधायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो रही है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह ट्रेन से अंबिकापुर पहुंचे, जहां रेलवे स्टेशन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रायपुर से सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी भी पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण शिविर 7 से 9 जुलाई तक चलेगा और इसका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों के ज्ञान और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना है, जिससे राज्य के विकास को गति मिलेगी। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि पहले जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसके बाद कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने मैनपाट को 'छत्तीसगढ़ का शिमला' बताते हुए कहा कि यहां का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगा। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी शामिल होने की संभावना है, जो दिल्ली से आएंगे।

## राज्य स्तरीय अंडर-19 बैडमिंटन चैम्पियनशिप की तैयारियां अंतिम चरण में, सूरजपुर करेगा मेजबानी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ द्वारा आगामी 15 से 19 जुलाई तक आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंडर-19 बैडमिंटन चैम्पियनशिप के आयोजन की जिम्मेदारी जिला बैडमिंटन संघ सूरजपुर को सौंपी गई है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर स्थानीय संघ ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं। प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका परिषद सूरजपुर के स्पोर्ट्र्स कॉम्पलेक्स, जो कि शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय परिसर में स्थित है, में किया जाएगा। यहां सिंगल, डबल और मिक्स डबल वर्गों में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के पहले दो दिन (15 व 16 जुलाई) को क्वालीफाइंग राउंड होंगे, जबकि 17 जुलाई से मुख्य मुकाबले (मेन ड्रा) की शुरुआत होगी। पूर्व में भी सूरजपुर ने 2016, 2019 और 2023 में राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया है। इस बार भी आयोजन को भव्य और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इनमें स्वागत समिति, आवास समिति, प्रचार समिति, पंजीयन समिति, परिवहन समिति सहित उद्घाटन और समापन कार्यक्रमों की समितियां शामिल हैं। सभी समितियों को उनके कार्यभार सौंप दिए गए हैं। अध्यक्ष अनिल गोयल की अध्यक्षता में बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों द्वारा कई दौर की बैठकें की जा चुकी हैं, और तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है। आयोजन स्थल पर लाइटिंग और अन्य आवश्यक निर्माण कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में राज्य के कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। साथ ही, यह चैम्पियनशिप वेस्ट जोन टीम के चयन के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। आयोजन की तैयारियों में संदीप अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, बांके बिहारी अग्रवाल, नीलकंठ राजवाड़े, रितेश अग्रवाल, सोमेश लांबा, हरेन्द्र सिंह, प्रसून गोयल, यश अग्रवाल, प्रसिद्ध गोस्वामी, फिरदौस रज़ा सहित अनेक पदाधिकारी व खिलाड़ी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। सभी संबंधित लोगों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह और जोश है, और उम्मीद की जा रही है कि यह आयोजन सूरजपुर के लिए एक और गौरवपूर्ण अध्याय साबित होगा।

### एएसआई अंबिका को पदोन्नति पर स्टार लगाया अधिकारी ने

**सूरजपुर।** बीते दिन पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा एएसआई (एमटी) से एसआई (एमटी) के पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया है जिसमें जिले के एएसआई (एमटी) अम्बिका साहू का नाम शामील है। सोमवार, 07 जुलाई 2025 को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पदोन्नत हुए एएसआई (एमटी) अम्बिका साहू के कंधों पर स्टार लगाकर एसआई (एमटी) पद पर पदोन्नति दी। उन्होंने पदोन्नत हुए एसआई के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने कहा। इस दौरान डीएसपी महालक्ष्मी कुलदीप व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ग्राम अमलोर तुमगांव निवासी प्रार्थी टिकेश्वर ध्रुव 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमआर 9318 को खरोरा के नया बस स्टेण्ड के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## दलहन-तिलहन के क्षेत्र में भी लक्ष्य से बढ़कर काम किसानों को मिल रही प्रोत्साहन, योजनाओं की जानकारी



**कोरिया बैकुंठपुर।** खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। उप संचालक कृषि राजेश भारती ने जानकारी दी कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में बीज एवं उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की प्रक्रिया को तेज़ी से अंजाम दिया गया है। प्राप्त विभागीय आंकड़ों के अनुसार, जिले में अब तक 5451.98 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 4135.90 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया गया है। यह कुल भंडारण का लगभग 76 प्रतिशत है। वितरण कार्य को पारदर्शी बनाने हेतु सहकारी समितियों और विभागीय अमले के माध्यम से बीज उठाव की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, रासायनिक उर्वरकों में 9665 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 7730 मीट्रिक टन (लगभग 80 प्रतिशत) किसानों तक पहुँच चुका है। उर्वरकों में यूरिया, डीएपी, एनपीके (12.32.16), एसएसपी जैसे विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीएपी की कमी को देखते हुए एनपीके के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा इसके लाभों की जानकारी दी जा रही है। बीज एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा सख्त निगरानी की जा रही है। हाल ही में सहकारी एवं निजी दुकानों में छापेमारी कर 45 बीज और 16 उर्वरक नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए दलहन 9850 हेक्टेयर और तिलहन 2350 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले क्रमशः 656 हेक्टेयर एवं 476 हेक्टेयर अधिक है। जिले में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल एंड ऑयलसीड्स एवं अन्य योजनाओं के तहत किसानों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक 445.28 क्विंटल दलहन-तिलहन बीज (जैसे उड़द, मूंग, अरहर, मूंगफली) का भंडारण किया गया है, जिनमें से 369 क्विंटल बीजों का वितरण हो चुका है। किसानों से अपील करते हुए उप संचालक श्री भारती ने कहा कि वे धान की परंपरागत खेती के स्थान पर दलहन व तिलहन फसलों की ओर रुख करें तथा मेड़ों पर अरहर जैसी फसलें लगाकर भूमि का अधिकतम उपयोग करें। इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, बल्कि आय में भी इज़ाफा होगा।

### घर में घूसकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर।** जिले के आरंग थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक महिला के साथ उसके घर में घुसकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी पानी मांगने के बहाने घर में गया और फिर महिला के अकेले होने का फ ायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म कियाा। बताया जाता है कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से महिला के घर की रेकी कर रहा था। घटना वाले दिन जैसे ही महिला का पति घर से बाहर गया आरोपी पानी मांगने के बहाने घर में गया और मौका पाकर महिला को अकेली देख घर में घुसकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसकी शिकायत आरंग थाने में दर्ज कराई है।

## 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों के लिए एचएसआरपी. नंबर प्लेट अनिवार्य

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला परिवहन विभाग के अधिकारी अनिल भगत ने जानकारी दी है कि 01 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एच.एस.आर.पी.) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत आमजन की सुविधा के लिए जिले में विशेष एच.एस. आर.पी. बुकिंग एवं फिटमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

8 जुलाई को चरचा बस स्टैंड, 9 एवं 10 जुलाई को कलेक्ट्रेट परिसर, बैकुंठपुर, 11 एवं 12 जुलाई को अग्रहरि परिवहन सुविधा केंद्र, पटना, 14 एवं 15 जुलाई को नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर, 16 एवं 17 जुलाई को जनपद पंचायत, बैकुंठपुर एवं 18 एवं 19 जुलाई को तहसील कार्यालय, बैकुंठपुर में शिविर लगाई जाएगी। श्री भगत ने बताया कि वाहन मालिकों को एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट के लिए आवेदन करते समय आरसी कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना होगा। शुल्क का भुगतान कर प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है। जिनका मोबाइल नंबर अद्यतन नहीं है, वे शिविर में ही नंबर अपडेट करा सकते हैं। उन्होंने एच.एस.आर.पी. शुल्क के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोपहिया वाहन के लिए 365.80 रुपये, तिपहिया वाहन के लिए 427.16 रुपए, हल्के मोटर वाहन के लिए 656.80 रुपए और भारी वाहन के 705.64 रुपए शुल्क निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, एच.एस.आर.पी. की ऑनलाइन बुकिंग भी जिले में स्थापित परिवहन सुविधा केंद्र, चॉइस सेंटर अथवा परिवहन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। जिला परिवहन अधिकारी श्री भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट नहीं लगवाने वाले वाहन मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि समय रहते इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने वाहनों में एच.एस.आर.पी. लगवाकर नियमों का पालन करें।

## अर्धनारीश्वर देवगढ़ धाम में होगा भव्य आयोजन

**सूरजपुर।** उत्तर वाहिनी रेणुका नदी के तट पर स्थित प्राचीन अर्धनारीश्वर शिवलिंग देवगढ़ धाम में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व, 22 जुलाई को पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सूरजपुर छठ घाट से हजारों शिवभक्त जल लेकर देवगढ़ के लिए पदयात्रा पर निकलेंगे। यह यात्रा पिछले 33 वर्षों से लगातार धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक बनी हुई है।

मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार के तत्वावधान में इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। छठ घाट से लेकर देवगढ़ धाम तक के मार्ग की साफ-सफाई, ठहराव स्थलों और सेवा केंद्रों की व्यवस्था लगभग पूर्ण कर ली गई है। पूरे मार्ग पर जलपान, भोजन और विश्राम की व्यवस्था इस वर्ष भी समाजसेवियों व स्थानीय समितियों के सहयोग से की जा रही है। रेणुका नदी तट : अनूप गोयल, अरुण गुप्ता, बसंत मिश्रा और कुंजबिहारी गुप्ता। मानपुर: द्वारिका प्रसाद साहू व फल विक्रेता संघ, लांची: लालचंद अग्रवाल व अशोक अग्रवाल (अशोक पेट्रोल पंप) भरतपुर चौक: नव युवक जागृति मंच केतका: मेसर्स बैजनाथ अग्रवाल व अवधेश अग्रवाल, महंगई: विजय कुमार, शंकर अग्रवाल व दुर्गा प्रसाद बरपारा: नलिन जिंदल व गौरिश जिंदल देवगढ़ धाम पर विशेष व्यवस्था रात्रि भोजन की जिम्मेदारी मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार ने ली है। शाम को गर्म जलपान राहुल अग्रवाल टिंकू, आलोक, विकास, नैतिक अग्रवाल व उनकी टीम द्वारा कराया जाएगा। सुबह का नाश्ता व जलपान विकास अग्रवाल (अम्बिकापुर) द्वारा कराया जाएगा। देवगढ़ धाम में भोलेनाथ की जगराता संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से आए कलाकार भक्ति रस में डूबो देंगे। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वालों में शामिल हैं :- स्नेहा सरगम (देवघर, झारखंड), विवेक ताम्रकार (रायपुर), ओम अग्रहरि (बैकुण्ठपुर), अंजली यादव (मध्यप्रदेश), अविनाश पुरी (सूरजपुर), पुनित एंड ग्रुप (जबलपुर) यह आयोजन पूरी रात भक्तों को शिव भक्ति में रमाने वाला होगा। सुभाष गोयल, पवन गर्ग, राहुल अग्रवाल, राजेश मित्तल, कालीचरण अग्रवाल, अंशुल गोयल, हरिओम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, तथा अन्य कई समाजसेवी पदयात्रा की तैयारियों में पूरी तरह से सक्रिय हैं। भोजन व भंडारे की जिम्मेदारी अनिल अग्रवाल, अशोक जैन, आशीष मित्तल समेत मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार के सदस्यों ने संभाली है। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को सुभाष गोयल (बिश्रामपुर) एवं विजय गोयल (अम्बिकापुर) के सौजन्य से देवगढ़ धाम में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बाबा देवगढ़नाथ के आशीर्वाद से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की परंपरा को इस बार भी सहेजते हुए, सावन के सभी सोमवार को भंडारा लगाया जाएगा। देवगढ़ की पावन भूमि पर शिवभक्ति का यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भावना का भी अद्वितीय उदाहरण है।

## इलाज में लापरवाही से गई मासूम की जान, परिजनों में आक्रोश

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर सिविल अस्पताल में इलाज में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां एक 7 वर्षीय बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। यह घटना रविवार देर शाम की है, जब बच्चा सर्पदंश का शिकार होकर अस्पताल लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने की वजह से मासूम ने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, जब वे पहले एक निजी क्लीनिक लेकर गए, तो वहां के डॉक्टर ने यह सुनते ही कि बच्चा सांप के काटने का शिकार हुआ है, उसे तुरंत सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद गम में डूबे परिवार का गुस्सा फूट पड़ा। उनका कहना है कि वे समय पर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। यदि बच्चे का तुरंत इलाज होता, तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने यह भी कहा कि सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति की यह कोई पहली घटना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में रघुनाथनगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बसंत सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब बच्चे को समय रहते अस्पताल लाया गया था, तो उसे सरकारी एंबुलेंस से निजी क्लीनिक क्यों भेजा गया? और अगर सिविल अस्पताल में तत्काल इलाज की सुविधा नहीं थी, तो उसे सीधे मेडिकल कॉलेज रेफर क्यों नहीं किया गया? यह दुखद घटना सरकारी अस्पतालों की लचर व्यवस्था की पोल खोलती है। साथ ही यह भी दर्शाती है कि किस तरह एक सुस्त और गैरजिम्मेदार तंत्र ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। अब सबकी निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है।

### कांग्रेस की सभा पर बोले डिप्टी सीएम विजय शर्मा, मुझे खरगे के मोबाइल की चिंता है

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे किसान, जवान और संविधान विषय पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम साइंस कॉलेज मैदान में हो रहा है, जिसे लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी भी तेज़ हो गई है। कांग्रेस के इस आयोजन पर चुटकी लेते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तंज कसा और कहा, मुझे खरगे जी के मोबाइल की चिंता है। उनका यह बयान हाल ही में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का मोबाइल फोन चोरी होने की घटना की ओर इशारा करता है।

## मैनपाट जाने के दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन का हुआ स्वागत, सरकार के कार्यों को सराहा

**रामानुजगंज।** बलरामपुर रामानुजगंज छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन मैनपाट में आयोजित भाजपा के चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से झारखंड होते मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचे इस दौरान छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतर्राजीय बैरियर पर पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल एवं विकास अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गौरतलब है की छत्तीसगढ़ भाजपा के द्वारा सांसदों विधायकों के लिए तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में किया गया है जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह समेत प्रदेश के समस्त सांसद विधायको के सम्मिलित होने का अनुमान है। नितिन नवीन उक्त चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से चलकर पटना बिहार से झारखंड होते रामानुजगंज पहुंचे थे जहां रात्रि विश्राम के बाद अल सुबह मैनपाट के लिए निकल गए। मध्य रात्रि में भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत से अभिभूत छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी नीतिन नवीन ने छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जन भावनाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। हम लोगों ने जो वादा किए थे वादा के अनुरूप कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। नितिन नवीन के मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचने पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अश्वनी गुप्ता, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, मंजय गुप्ता, उमेश पुरी, करण कश्यप, मनजीत कश्यप, पंकज गुप्ता, योगेश केसरी, जयप्रकाश केसरी, संतोष पासवान, साकेत कश्यप, संतोष ठाकुर, धनंजय गुप्ता, संतोष दास, ललन पासवान, ओम गुप्ता, अनिल पुरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही प्रातः पूर्व जिला अध्यक्ष आर के पटेल, कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष केसरी, सुभाष जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश सिन्हा, अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, विजय रावत सहित अन्य लोग भी पहुंच प्रदेश एवम जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा के साथ सौजन्य मुलाकात किए।

### संविधान सभा में खड़गे ने सरकार पर कई आरोप लगाए पूरे भाषण में प्रधानमंत्री का नाम लिया 21 बार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की किसान जवान संविधान जनसभा हुई, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विशाल जनसभा को संबोधित किया। इधर लगातार बारिश के बीच हो रही इस सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। जनसभा के जरिए कांग्रेस किसानों, जवानों और संविधान की रक्षा को लेकर अपनी जनभावना व्यक्त कर रही है। सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकर्ताओं को बारिश में आने के लिए धन्यवाद दिया। खड़गे ने कहा कि बारिश में हम मंच में बैठे हैं और आप पानी में बैठे हैं तो हमें यही लगता है कि पार्टी के लिए आप मर मिटने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि उनका रायपुरवासियों से खास रिश्ता है। रायपुर में 2023 में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। जब बघेल मुख्यमंत्री थे और मंत्रिमंडल के सभी सदस्य भी यहां बैठे हैं। उस वक्त जो यहां पर महाधिवेशन हुआ उसमें मैं अध्यक्ष बना। उस वक्त 15 हजार डेलीगेट्स मुझे चुनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, इसलिए पहला उपकार आप लोगों का मुझ पर हैं। क्योंकि आपके बिना मैं इस कुर्सी पर दोबारा नहीं बैठ सकता था। खड़गे के मुताबिक रायपुर से सामाजिक न्याय का नारा बुलंद हुआ.उसने 2024 में मोदी सरकार के अहंकार को तोड़ दिया। आज बीजेपी ऐसी हालत में है कि वो खुद की सरकार नहीं बना सकती है। उनकी खुद की मेज्योरिटी नहीं है। मोदी फिर से चुनकर नहीं आए हैं वो अपने दो टांग दूसरे से लेकर चल रहे हैं. वो दूसरे लोगों की टांग लेकर चल रहे हैं। 400 पार का नारा दिया था कहां है 400 पार।

### कैबिनेट बैठक 11 जुलाई को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक 11 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में सुबह 11:30 बजे से शुरू होगी। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। वहीं संभावनाएं जताई जा रही है कि, बैठक में कई बड़े फैसले भी लिए जा सकते हैं। इससे पहले 30 जून को साय कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई थी।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रायपुर।** ग्राम अमसेना के पास बाइक सवार ने पैदल जा रहे अधेड़ को टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक काशीराम नारंग 56 वर्ष ग्राम अमसेना का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक पैदल कहीं जा रहा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूएफ 0131 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काशीराम को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से नकदी 7700 रुपए पार

**रायपुर।** शिवानंद सेक्टर 2 स्थित घर से अज्ञात चोर ने नकदी 7700 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एन.रामाकृष्णा राव 50 वर्ष शिवानंद सेक्टर 2 में रहता है। प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 7700 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### एक्टिवा की टक्कर से महिला की मौत

**रायपुर।** ग्राम सिलतरा में एक्टिवा सवार ने पैदल जा रही महिला को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका किरण वर्मा 42 वर्ष सिलतरा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि किरण पैदल कहीं जा रही थी, तभी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 क्यूए 0439 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए किरण को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने एक्टिवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 6 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** गंज पुलिस ने अरिहंत कॉम्पलेक्स के पास जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 43400 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अरिहंत कॉम्पलेक्स के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी नरेश मिश्रा 35 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 43400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# शहर के कई इलाकों को तीन तरफ का पानी करता है परेशान, 78 लाख से होगा समाधान





**कोरबा।** इस बार भी बारिश के प्रारंभिक चरण में ही कोरबा के चिमनीभट्ठा, अमरैया, रामनगर और मुड़ापार क्षेत्र में सैकड़ो मकान के साथ-साथ बड़े हिस्से में पानी का भराव हो गया। तीन तरफ से आने वाले इस समस्या का सबसे अहम कारण माना गया। प्रशासन के ध्यान में इन चीजों को लाया गया। जानकारी मिली होगी इस पर अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई और 78 लाख रुपए के कार्यों को स्वीकृत भी कर दिया। इनके टेंडर भी लगने की जानकारी है।

पिछले वर्षों से हर बारिश के मौसम में इस तरह की समस्या कोरबा शहर के इन क्षेत्रों में सामने आती रही है। नगर निगम और प्रशासन की जानकारी मैं समस्या पहले से रही लेकिन उसकी ओर से समुचित ठोस कदम उठाने की दिशा में कार्यवाही नहीं की गई। नतीजा यह रहा की इस वर्ष में बारिश ने अपने देवर दिखाई तो शहर का एक बड़ा हिस्सा जल भराव की समस्या की जद में आ गया। इन इलाकों में मकान के साथ-साथ वहां पर रखें लोगों के सामानों को नुकसान पहुंचा। इलेक्ट्रॉनिक से लेकर इलेक्ट्रिकल आइटम, खाने पीने की सामग्री और कपड़ों को भी नुकसान पहुंचने की खबर है। बताया गया कि इन क्षेत्रों में तीन अलग-अलग स्थान से होकर पानी पहुंचता है जिसके कारण अजीब स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बार भी ऐसा हुआ। तथ्यों के साथ प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराने पर माना गया कि समाधान के रास्ते तलाशने जरूरी है। फौरी तौर पर जरूरी निर्माण करने को अनुमति दी गई है। इनमें एक काम 50 लाख और दूसरा 28 लाख रुपए का शामिल है। बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाऊंडेशन से इन कार्यों को कराया जाना है। ये कार्य अधूरे कल्वर्ट को पूरा करने व शराब भट्ठी के नजदीक से सम्बंधित है।

अमरैयापारा पार्षद प्रभा टीकम राठौर ने बताया कि संपूर्ण क्षेत्र की बारिश से जुड़ी हुई समस्याओं के निराकरण के लिए तीन करोड़ की लागत के कार्य करने के लिए प्रस्ताव दिया जा रहा है। इस दिशा में कदम उठाए जाते हैं तो बारिश में हर वर्ष होने वाली समस्याओं को नियंत्रित किया जाना संभव हो सकेगा।

### सीतामढ़ी क्षेत्र को मिलेगी राहत

माना जा रहा है कि अगर सुधार की दिशा में ऐसे कार्यों को कराया जाता है तो इसके व्यापक लाभ होंगे और लोगों को राहत मिलेगी। बारिश के सीजन में पहले की तरह इस वर्ष भी कोरबा के सीतामढ़ी वैष्णो दरबार का रिहाईसी इलाका बड़े नाले के ओवरफ्लो होने से समस्याओं के भवर में फस गया। यहां के सैकड़ो मकान के आसपास पानी की एंट्री होने से लोग न केवल परेशान हुए जबकि उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ गया।

# पत्नी को बचाने भालू से भिड़ा राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र

### घायल अवस्था में अस्पताल दाखिल



**कोरबा।** जिले के वनांचल लेमरू क्षेत्र में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले एक पहाड़ी कोरवा युवक अपनी पत्नी को बचाने के लिए जंगली भालू से भिड़ गया। दोनों का संघर्ष काफी देर तक चला। इस दौरान कोरवा ने अपनी पत्नी को खरोच तक नहीं आने दिया। परंतु भालू के हमले में स्वयं घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 55 किमी दूर वनांचल लेमरू के छिंदवार पहाड़ के सूरयाझरिया नामक स्थान पर घटित हुई। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत नकिया के आश्रित गांव पेंड्रीडीह (विमलता) निवासी रतिराम पिता सुंदर साय 37 वर्ष पहाड़ी कोरवा अपनी पत्नी मानकुंवर के साथ पुटू बिनने पहाड़ पर स्थित जंगल गया हुआ था। इसी दौरान कोरवा दंपत्ति का सामना एक पेड़ के पीछे छिपकर बैठे खूंखार जंगली जानवर भालू से हो गया। दोनो को सामने देख भालू ने पहाड़ी कोरवा की पत्नी मानकुंवर पर हमला करने का प्रयास किया। अपनी पत्नी को बचाने के लिए रतिराम भालू से भिड़ गया। दोनों का संघर्ष काफी देर तक चला। इस दौरान पत्नी देखती रही। अंततः राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र ने हिम्मत नहीं हारा और भालू को भागने के लिए मजबूर कर दिया। भालू के अन्यत्र जाने पर दंपत्ति ने मदद के लिए गुहार लगाई। जिस पर गांव वालों घटना की सूचना वन विभाग को दिया। जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी रात में मौके पर पहुंचे और पहाड़ में कराह रहे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र को टोकरी व कांवर में बैठाकर ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारकर उपचार के लिए लेमरू अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान अपेक्षाकृत सुधार नहीं होने पर डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय कोरबा रिफर कर दिया। भालू से संघर्ष के दौरान युवक बूरी तरह जख्मी हो गया है। उसके बांह तथा उंगली को क्षति पहुंची है। रेंजर जयनाथ गोड़ ने बताया कि भालू के हमले में घायल दत्तक पुत्र को विभाग की ओर से तत्कालिक सहायता राशि रूपए 500 उपलब्ध करा दी गई है। उसके परिजनों से कहा गया कि घायल का बेहतर से बेहतर उपचार कराये ताकि वह स्वस्थ हो सके।

### लाईट लगाने की मांग

**कोरबा।** विद्युत मंडल कालोनी में लाईट खराब होने से कई स्थानों पर रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। जिसके चलते कालोनिवासियों को आने जाने में परेशानी होती है। वार्ड के पार्षद राकेश वर्मा ने विद्युत मंडल के अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा कि कालोनी का निरीक्षण किया गया है। जिसमें पाया गया कि कई स्थानों पर खंभे पर लगे लाईट खराब हो गए है। नए लाईट लगाने की आवश्यकता है। इसी तरह कालोनी में और भी कई समस्याएं है। जिसे लेकर नागरिक परेशान है। पिछले दिनों पार्षद राकेश वर्मा के साथ राजेश राठौर, सुभाष राठौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

### अधिवेशन कराने पर चर्चा

**कोरबा।** विद्युत मंडल में बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक की गई। जिसमें अधिवेशन कराने पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई को महासंघ का अधिवेशन होगा। जिसमें राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि अधिवेशन में किये गए कार्यों का लेखा जोखा दिया जाएगा। इसके बाद कार्यकारिणी का गठन होगा। बैठक में अजय मिश्रा, मनीष राठौर, सुनीता जायसवाल, पूर्णिमा साहू, सब्बीर मेमन, सुरेश साहू, चंद्रशेखर दुबे, श्याम सुंदर खुंटे सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बारिश का असर : हायर सेकेंडरी स्कूल की दीवार के मलबे में दबा साइन बोर्ड



**कोरबा।** वर्ष 2025 में बारिश को अभी काफी समय बचा हुआ है। आषाढ़ महीने में बारिश के रौद्र रूप ने विभिन्न क्षेत्रों में दुश्वारियों को जन्म दे दिया है। कटघोरा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की दीवार इसी चक्कर में ध्वस्त हो गई और उसकी चपेट में आने के साथ हमर कटघोरा का बेक लाइट साइन बोर्ड भी बर्बाद हो गया।

कटघोरा में कोरबा रोड पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित है जहां पर यह घटना हुई। पिछले कई वर्षों से स्कूल यहां पर संचालित है। स्कूल की बाउंड्री के सामने नगर पालिका परिषद के द्वारा कुछ महीने पहले ही एक बेकलाइट साइन बोर्ड लगाया गया था। कटघोरा के बारे में लोगों को जानकारी देना इसका उद्देश्य था। नियॉन लाइट्स का उपयोग करने से रात्रि में इसके सामने का हिस्सा रिफ्लेक्ट होता था और इसकी चमक का काफी हिस्से तक प्रसारित होती थी। बताया गया कि इस इलाके में बारिश के कारण कई प्रकार के कच्चे पक्के निर्माण कार्यों पर बुरा असर पड़ा। ऐसे स्थानों के आसपास बारिश का पानी ठहरने से नमी के स्तर में बढ़ोतरी हुई और फिर इस चक्कर में स्कूल की बाउंड्रीवॉल का एक बड़ा हिस्सा धराशायी हो गया। इसके प्रभाव में आने से नगर पालिका का साइन बोर्ड भी बर्बाद हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नगर में कई स्थानों पर जरा जमाव की स्थिति अभी भी बनी हुई है और ऐसे में आशंका है कि आगे वहां गंभीर हादसे हो सकते हैं।

### इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष रेड्डी का स्वागत



**कोरबा।** एसईकेएमसी के कार्यकर्ताओं द्वारा इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी के रायपुर आगमन पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह संदीप चौधरी, किशोर सिन्हा, एन के सिंह, अशोक सिंह, धनीराम, डीके मिश्रा, जीवराखन चंद्रा, विकास शुक्ला, छंदराम राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीएसपीएम गेट से रेस्क्यू किया हेचलिंग को



**कोरबा।** बारिश के मौसम में शहर के साथ-साथ आसपास के इलाके में लगातार जीव जंतुओं का निकलना जारी है। छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी के कोरबा स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी 500 मेगा वॉच विद्युत केंद्र के गेट में मौजूद एक हैचलिंग को नोवा नेचर सोसाइटी ने रेस्क्यू करने के साथ कर्मचारियों को राहत दी।

वन्यजीवों के मामले में काम करने वाली समिति प्रमुख जितेंद्र सारथी ने बताया कि आज सुबह उनके पास यह सूचना पहुंची थी। सीएसईबी की कोरबा स्थित डीएसपीएम परियोजना के मुख्य गेट पर कर्मचारियों ने अजगर के बच्चे को देखा। वह अपनी हरकतों से लोगों को भयभीत कर रहा था। इसके साथ ही उसकी जान पर भी खतरा था। इस बीच एक कर्मचारी ने जितेंद्र को इस बारे में जानकारी दी। कुछ देर के बाद टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा उपाय पर अमल करते हुए हैचलिंग को अपने कब्जे में कर लिया। बताया गया कि हैचलिंग को उसके नेचुरल रेजिडेंस में छोड़ दिया गया है ताकि वह बिना किसी दिक्कत के वहां रह सके।

# क्या हादसे के बाद भरे जाएंगे सुभाष ब्लाक मार्ग के गड्ढे

**कोरबा।** एसईसीएल कालोनी सुभाष ब्लाक मुख्य मार्ग में हुए बड़े-बड़े गड्ढे हादसे को न्यौता दे रहे हैं। इस प्रकार के नमूने पूरे मार्ग में कई जगह देखने को मिल रहे हैं। इनमें से एक जगह रिफलेक्टर पट्टी रखने के साथ एसईसीएल के ठेकेदार ने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है।

कुछ महीने पहले ही लाखों रूपए खर्च करते हुए इस रास्ते का डामरीकरण करवाया गया। उस समय दिखाने की कोशिश की गई कि लोगों को राहत देने के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व कोटे से कामकाज हो रहा है। काफी संख्या में लोग इससे सहुलियत पाएंगे। प्रबंधन की ओर से आश्वस्त किया गया था कि कामकाज की क्वालिटी अच्छी और निगरानी भी की जा रही है। इसलिए यह काम टिकाऊ साबित होगा। लेकिन ज्यादा समय हुआ भी नहीं और पहली बारिश में सड़क की तबियत से धुलाई हो गई। इसके निर्माण में जो मटेरियल का उपयोग किया है। वह बहुत पहले बाहर निकलने के साथ गुम हो गया है। अब यहां पर बड़े-बड़े गड्ढे तैयार हो गये है। 24 घंटे वाहनों के दबाव से इनका आकार प्रकार बदल रहा है। दिन के उजाले के साथ रात के अंधेरे में यहां पर लोग चोटिल हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि ये गड्ढे गंभीर हादसे को निमंत्रण देने की तैयारी में है। लोगों को इंतजार है कि एसईसीएल समय से पहले इस रास्ते का सुधार कराता है या फिर हादसे के बाद।

### लालघाट क्षेत्र में पकड़ाया दुष्कर्मी

**बालको नगर।** स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके द्वारा 15 दिन पहले इस इलाके में युवती से अनाचार की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना में की जिस पर अपराध दर्ज किया गया।



स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध इंदिरा गांधी चिकित्सालय के ब्लड सेंटर रक्तदान उत्सव के 20 वर्ष पूरे होने पर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया गया।

# आपदा प्रभावित के लिए की गई पौष्टिक आहार की व्यवस्था

### घरों में महंगे सामान इसलिए कर्मियों का यही बसेरा

**कोरबा।** चार दिन पहले हुई भारी बारिश के कारण साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के दीपिका क्षेत्र के प्रगति नगर रेजिडेंशियल कॉलोनी में भी टाइप आवास समस्याओं से घिर गए हैं। ऐसे 38 आवासों में रहने वाले कर्मियों और उनके परिवारों के लिए सिर्फ भोजन की व्यवस्था स्नेह मिलन केंद्र में की गई है। मौसम बारिश का है और फिर संबंधित लोग परेशान हैं इसलिए प्रबंधन ने इन सभी को पौष्टिक आहार देने का प्रबंध कर रखा है।

लगातार दूसरे वर्ष इस इलाके में बारिश के मौसम में विकट समस्याएं आ खड़ी हो गई हैं। प्रगति नगर कॉलोनी के ग्राउंड फ्लोर स्थित बी टाइप आवास में बारिश के साथ-साथ नालियों का पानी आ घुसा है। ऐसे में कई चुनौतियां पेश आई है। पूरे मामले में कर्मचारियों की नाराजगी को ध्यान में रखते हुए 38 मामलों में प्रभावित लोगों को भोजन देने की व्यवस्था साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपका क्षेत्र की ओर से की गई। प्रभावित लोगों के आवास में उनका महंगा सामान रखा हुआ है, इसलिए उसकी सुरक्षा भी जरूरी है। खबर के अनुसार इसलिए संबंधित कर्मचारियों ने ऊपरी हिस्से के खाली आवास में अपने सोने की व्यवस्था कर रखी है ताकि इसी बहाने निचले हिस्से पर नजर बनी रहे और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

याद रहे इस इलाके में गंदे पानी की निकासी के लिए वैसे प्रबंध नहीं किए गए जो अपेक्षित समझे जा रहे थे। बार-बार इस तरफ ध्यान आकर्षित करने पर भी ना तो कोई काम किया गया और ना ही कुछ परिणाम नहीं आ सके। और यही वजह है की बारिश के मौसम में समस्या में विस्तार हो जाता है और फिर यहां पर रहने वाले कोयला कामगार व उनके परिजन परेशान होते हैं।

# देवपहरी में फंसे समूह को निकाला



**कोरबा।** जिले के पर्यटन स्थल देवपहरी में सोमवार को पिकनिक मनाने गए दो युवक और तीन युवतियों की जान पर उस समय आफत आ गई जब अचानक जलस्तर तेजी से बढ़ गया। पहाड़ ऊपर से पानी बढ़ने के कारण चोरनई नदी पूरे उफान पर आ गई। इधर, 5 लोगों के फंसे होने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों के सहयोग से संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। देर रात करीब डेढ़ बजे तक सभी लोगों को बाहर निकाला जा सका। हालांकि तेज धार और लगातार बढ़ते जलप्रवाह ने बचाव कार्य में काफी मुश्किलें खड़ी कीं, लेकिन टीम ने स्थानीय ग्रामीणों बिरिच राम, मसत राम,कृष्णा दास,विजय सारथी आदि के सहयोग से सभी पांचों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### गुरूपूर्णिमा पर पीठ परिषद का कार्यक्रम



**कोरबा।** आदित्य वाहिनी और पीठ परिषद 10 जुलाई को शाम 5 बजे परशुराम नगर दादरखुर्द क्षेत्र में गुरू पूर्णिमा पर कार्यक्रम करेगा। संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि पुरी पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ श्रद्धा समर्पित की जाएगी। अरूण शर्मा ने समस्त सदस्यों को इस बारे में जानकारी दी है और समय पर उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com